SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Haddtoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 03 अप्रैल 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 65 | मूल्य - 5 रुपये

सहयोग हॉस्पिटल
कार्डियोलॉजी क्लिनिक @₹999
• ईको/टीएमटी • लिपिड प्रोफ़ाइल • HbA1c • E.C.G. • बीपी
• कार्डियोलॉजिस्ट के साथ परामर्श
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07
Rani Avantibai Chowk, Ring Road, Gondia 441614



सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट पर अपना पसंदीता होंडा वाहन ले जाईये ...*
जबरदस्त होंडा ऑफर
नई Shine 100 DX SOLID है
बचत भी..खुशियां भी..
आजीवन रोड टैक्स पर* 100% छूट
होंडा पर कार और होंडा पर होंडा ऑफर द्वितीय वर्ष 2025-26
डिजिटल मीटर | 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेंशन | ट्यूबलेस टायर्स | स्टाइलिश क्रोम प्लेटिंग
एक्स-शोरूम (मध्यप्रदेश) ₹70047*
80*KMPL तक का शानदार माईलेज
हर होंडा टू-व्हीलर की खरीद पर,* होंडा बाईक या कार जीतने का मौका
3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध
हर हिन्दुस्तानी की पहली पसंद ...
Scooter bole toh ACTIVA 110cc & 125cc
इंडिया का नंबर 1 स्कूटर
Auth. Dealer :- Dreams Honda
बालाघाट 8349272776 | बैहर 8269793376 | कटंगी 8109182276 | वारासिवनी 9893782276 | लालबर्रा 8085112276 | किरनापुर 8085882276 | लांजी 8827156863 | बिरसा 9669526297 | चांगोटोला 8959143504 | खैरलांजी 9302700692

## उबलते दूध के बर्तन में गिरी 10 माह की बच्ची, हुई मौत..

जयपुर, (भाषा)। *राजस्थान के भरतपुर में बृहस्पतिवार को 10 माह की एक बच्ची की खेलते-खेलते उबलते हुए दूध के बर्तन में गिरने से मौत हो गयी।*

पुलिस के मुताबिक, नदबई थाना क्षेत्र के बेहमदा गांव में बच्ची की मां गर्म दूध को ठंडा करने के लिए रखकर दूसरे कमरे में चली गई, जिसके पास ही खेल रही बच्ची अचानक जोर-जोर से रोने लगी।

बच्ची की रोने की आवाज सुनकर जैसे ही मां कमरे में आई तो देखा कि वह दूध के बर्तन में गिर गई है। मां ने तुरंत बच्ची को बाहर निकाला और पति को सूचना दी। गंभीर रूप से झुलसी बच्ची को माता-पिता अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों के अनुसार बच्ची 80 प्रतिशत जल चुकी थी। नदबई थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि मृतक बच्ची का नाम चांदनी था। बच्ची बिस्तर पर खेल रही थी कि तभी मां गर्म दूध का बर्तन पास रखकर काम करने चली गई। इसी दौरान बच्ची दुर्घटनावश उसमें गिर गई।

# इससे पहले कि देर हो जाए समझौता कर ले ईरान' - फिर बोले डोनाल्ड ट्रम्प

### ईराम के सबसे बड़े पुल को ढहाने का वीडियो किया जारी.. फिर एक बार दी धमकी..



नई दिल्ली (एजेंसी)। *अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को धमकी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा, ईरान का सबसे बड़ा पुल एक हमले में ढह गया है। अब ईरान के लिए*

समझौता करने का समय आ गया है, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए और उस देश का कुछ भी ना बचे। गौरतलब है कि जंग के बीच दोनों तरफ से हमले किए जा रहे हैं। इस बीच अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सबसे बड़े पुल को तबाह कर दिया गया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में इस पुल का ही जिक्र किया है। हमले में इस पुल के टूटने वीडियो भी सामने आया है जिससे पता चलता है कि ईरान पर कितनी घातक बमबारी हो रही है। यह बी1 ब्रिज ईरान के अल्बोर्ज प्रांत के करज शहर में स्थित है। इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है। इसकी ऊंचाई लगभग 136 मीटर और लंबाई 1,050 मीटर है। यह 8 सेक्शन में विभाजित है, जिसमें सबसे लंबा सेक्शन 176 मीटर का है। इसे बनाने में लगभग 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 37,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आया था। इससे पहले दिन की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की जीत का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई ने तेहरान की सैन्य ताकत को खत्म कर दिया है और बहुत जल्द ही काम पूरा कर दिया जाएगा। मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब हैं।

मध्य पूर्व में अपनी योजनाओं के बारे में देश को संबोधित करते ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिकी सेना अगले 2-3 हफ्तों तक ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगी। उन्होंने एक बार फिर ईरान के पावर प्लांट को निशाना बनाने की धमकी दी थी।

### ईरान में बिगड़ रहे हालात

जंग के बीच इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफरेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ने बड़ी बात कही है। प्रमुख का कहना है कि ईरान में आपातकालीन मेडिकल जरूरतें तेजी से बढ़ रही हैं और अगर जंग जारी रही तो ट्रॉमा किट और दूसरे साजो-सामान का स्टॉक कम पड़ सकता है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हवाई हमले शुरू होने के बाद से अब तक 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 26,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

निरंतर 65 वर्षों से विश्वसनीय प्रतिष्ठान
आपके अपने विजय भैय्या का
Lucky Apparels ®
गोरेलाल चौक, मेन रोड, गोंदिया
दुल्हन का घाघरा
दुल्हे का सुट
साड़ियां, घाघरा-चुनरी और इंडो वेस्टर्न परिधान
हमारी कहीं भी कोई शाखा नहीं है..

# मंगेश गोंदावले गोंदिया के नए जिलाधिकारी नियुक्त..

### प्रजीत नायर का पुणे नगर निगम में तबादला..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

महाराष्ट्र सरकार ने प्रशासनिक सेवा में बड़ा फेरबदल करते हुए मंगेश गोंदावले को गोंदिया जिले का नया जिलाधिकारी (डीएम) नियुक्त किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के सह-सचिव सुभाष उमरानीकर ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं। गोंदिया के वर्तमान जिलाधिकारी प्रजित नायर का तबादला पुणे महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त पद पर किया गया है। उनके स्थान पर अब मंगेश गोंदावले जिले की कमान संभालेंगे। इससे पहले गोंदावले महाराष्ट्र औद्योगिक कृषि विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जल्द ही वे गोंदिया पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

आवश्यकता है..
*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..*
*मो. 9301210805, 7000671780*

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियां सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, स्टेपल सिलर, क्षारसूत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj) बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल रोड, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

# बालाघाट जिले में 3 से 7 अप्रैल तक आंधी-तूफान व हल्की बारिश के आसार..

### कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी किया 5 दिवसीय मौसम पूर्वानुमान



जगप्रेरणा बालाघाट। *बालाघाट जिले में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव को*

प्राप्त मध्यम श्रेणी के 5 दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 3 से 7 अप्रैल 2026 के बीच आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की संभावना है, जिससे तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही अधिकतम तापमान 34.2 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18.4 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वायुमंडलीय नमी की बात करें तो सुबह के समय 53 से 67 प्रतिशत तथा दोपहर में 34 से 44 प्रतिशत तक नमी रहने की संभावना है। वहीं सामान्य दिनों में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पूर्व की ओर रहने के साथ गति लगभग 3 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है।

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र बालाघाट ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए फसलों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय अपनाएं तथा आंधी-तूफान के दौरान सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए प्रशासन एवं कृषि विभाग ने किसानों और आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है।

आवश्यकता है..
*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है।*
*संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।*
*बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टाकीस एंड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520*

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन अब सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. 9329033433*



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# एन एस एस विशेष शिविर का सफल समापन सेवा और समर्पण का अनूठा संगम..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में संचालित एनएसएस इकाई छात्र***

एवं छात्राओं का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बकौडी मे समापन प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में किया गया। इस समापन के अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री अजय बाबा पांडे, स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राऊर, श्रीमती पूजा राऊर एवं सहायक सचिव कृष्ण कुमार पंचेश्वर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे ने बताया कि दैनिक गतिविधियों सामाजिक कार्य, जागरूकता अभियान सांस्कृतिक कार्यक्रम के सम्मान समारोह में स्वयंसेवकों को उनके समर्पण भाव के लिए विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि एनएसएस एक मिनी इंडिया के रूप में कार्य करता है जो युवाओं को सामाजिक और भौगोलिक सीमा से उठकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है इस शिविर में छात्रों में अनुशासन नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष श्री अजय बाबा पांडे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा की छात्रों को उस समुदाय से जोड़ना चाहिए जिससे वह काम करते हैं ताकि वह अपनी उसकी जरूरत और समस्याओं को पहचान सके। स्पोर्ट्स ऑफिसर के राऊर ने बताया कि शिविर छात्रों के चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास में मदद करता है साथ ही टीमवर्क प्रबंधन और निर्णय लेने जैसे नेतृत्व कौशल को विकसित करता है। प्रो रंजीता कमलेश ने साथ दिवसीय विशेष शिविर के प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए कहा कि विशेष शिविर विद्यार्थियों के लिए सीखने का अद्वितीय अनुभव था जिसमें उन्होंने समाज सेवा नेतृत्व और विकास के महत्वपूर्ण पहेलियां को समझा।

### इनकी उपस्थिति रही..

डॉ टीपी सागर डॉ निलेश्वरी बिसेन,डॉ नीलम कश्यप श्री उमाशंकर वर्मा श्री सुरेश यादव श्री महेश तेकाम वरिष्ठ स्वयंसेवक निहाल कृष्ण मिश्रा संजय बंजारा विष्णु चीचले एवं समस्त ग्राम पंचायत बकौडी वासियों की रही।

# कलश विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

### माता काली के जयकारों से गूंज उठा जामुनटोला..



**जगप्रेरणा बरघाट।**

***मंगलवार को माता काली दरबार से विसर्जन के लिए कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली गई,***

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बरघाट मुख्यालय से 8 किमी दूर जामुनटोला गांव में माता काली दरबार में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को मनोकामना ज्योति कलश स्थापना होती है। बाबा जी महेश नागेश्वर ने बताया कि बड़ी संख्या पर श्रद्धालु महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी जिले के श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना कलश स्थापना किए गए। नौ दिवस तक सुबह शाम पूजन अर्चन कर देवी भक्तों ने माता काली जी की आराधना किए।

मंगलवार को धूमधाम से भव्य कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में शामिल देवी भक्त झूमते नाचते विसर्जन स्थल पहुंचे, विधिविधान से आरती पूजा के पश्चात विसर्जन कुंड में ज्योति कलश ज्वारे विसर्जित किए गए और श्रद्धालु माता काली जी के जयकारे लगाए गए।

### ढोल नगाड़ों में के साथ निकली शोभायात्रा..

चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को मनोकामना कलश स्थापना कर माता काली के दरबार में दर्शन पूजन करने श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंगलवार को दोपहर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई ढोल नगाड़ों की धुन पर देवी रूप धारण किए श्रद्धालु झूमते नाचते विसर्जन स्थल पहुंचे, शोभायात्रा समारोह में रथ घोड़े के साथ माता काली और भगवान भोलेनाथ की झांकी लोगो के आकर्षण का केंद्र रही। घुड़ सवार श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वजा लिए ध्वज लहराते रहे धूमधाम से निकली शोभायात्रा से श्रद्धालु भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गए। कलश ज्वारे विसर्जन के पश्चात मातारानी के दरबार में विशाल भंडारा महाप्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा यात्रा के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# संदीपनी विद्यालय में नए सत्र का उत्साहपूर्ण आगाज़



**जगप्रेरणा छपारा।**

छपारा के सांदीपनि विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े विशेष अतीत के रूप में शामिल हुए और विद्यार्थियों को अंकसूचियां एवं पाठ्य सामग्री वितरित की उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए सभी को नए सत्र में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह गुलाब साहू सेहाब बाबा रशीद पटेल खटकर पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान पार्षदधर्मेंद्र जैन सरपंच संघ के अध्यक्ष अवध लाल मरकाम इंद्र सिंह उट्टी सहित जनप्रतिनिधि गण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एम.के. रहमतकर एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नई उम्मीदों, नए सपनों और नई ऊर्जा के साथ शिक्षा के इस सफर की शानदार शुरुआत हुई।

# हवन कुंड में बाल हनुमान के दिव्य दर्शन

### मुंगवानी सिद्ध पीठ में उमड़ा आस्था का सैलाब..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर अमरवाड़ा मार्ग स्थित प्रसिद्ध सिद्ध हनुमान मंदिर मुंगवानी में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष एक अदभुत और अलौकिक घटना का साक्षी बना।***

जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित हवन-पूजन के दौरान श्रद्धालुओं को हवन कुंड की प्रज्वलित अग्नि में हनुमान जी के बालरूप के दिव्य दर्शन हुए। इस दृश्य को देखकर उपस्थित भक्त भाव-विभोर हो उठे और पूरा मंदिर परिसर 'जय बजरंगबली' के जयघोष से गूंज उठा। उत्सव के सभी धार्मिक अनुष्ठान सिंघौड़ी निवासी विद्वान पंडित श्री हरिप्रसाद मिश्रा के आचार्यत्व में विधि-विधान से संपन्न हुए। पंडित जी द्वारा भगवान का जलाभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, घी और शहद से बने पंचामृत से प्रभु का स्नान कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस पवित्र अभिषेक और विशेष श्रृंगार के दर्शन हेतु सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### हवन पूजन में दिखी अलौकिक झलक..

दोपहर में आयोजित विशेष हवन के दौरान जैसे ही पूर्णाहुति दी गई, अग्नि की लपटों में बालरूपी हनुमान जी की आकृति उभरती दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने इसे साक्षात प्रभु की उपस्थिति का संकेत मानते हुए इस दिव्य क्षण को अपने हृदय में संजो लिया। इस अदभुत घटना की चर्चा अब पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के साथ की जा रही है।

### विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन..

पूजन और आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मुंगवानी सहित आसपास के अनेक गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से यह जन्मोत्सव अत्यंत भव्य और सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर विधायक रजनीश ने किया अभिषेक..



**जगप्रेरणा छपारा।**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर छपारा के बड़े बगीचा स्थित हनुमान मंदिर में दो दिन पहले से ही कार्यक्रम की शुरुआत हो गई थी 2 तारीख को सुबह 4:00 बजे से हनुमान जी महाराज का अभिषेक हुआ जिसमें क्षेत्रीय विधायक रजनीश सिंह ने अभिषेक पूजा अर्चन कर क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य, निरोग प्रगति और उन्नति की कामना की, वही हनुमान सेना के द्वारा नगर के सुभाष ग्राउंड से वाहन रैली निकालकर प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़े बगीचा पहुंचकर रैली का समापन हुआ, इस रैली में सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी के विधायक रजनीश सिंह, पूर्व विधायक राकेश पाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष, सभापति, पार्षद गण और हनुमान सेना के सभी सदस्यों ने विशाल रैली में भाग लेकर के कार्यक्रम को सफल बनाया।

# खून से लथपथ मिला महिला का शव



**जगप्रेरणा सिवनी।**

छपारा थाना क्षेत्र के मुंडरई गांव के पास जंगल में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतका की पहचान मुंडरई गांव निवासी लाली बाई झरिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लाली बाई झरिया बुधवार सुबह महुआ बीनने के लिए गांव के पास जंगल में गई थीं। जब वह काफी समय तक घर नहीं लौटीं, तो परिजनों को चिंता हुई।

परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जंगल के अंदर एक स्थान पर लाली बाई का शव खून से लथपथ हालत में मिला। उन्होंने तत्काल छपारा पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका..

पुलिस के अनुसार, महिला की मौत प्राथमिक तौरपर संदिग्ध प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मर्ग कायम कर लिया है और सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।प्रशासन से मामले के जल्द खुलासे की मांग थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मर्ग कायम कर जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लइस घटना के बाद मुंडरई गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय तथा आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले का जल्द खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अलमीरा ने किया शाला और परिवार का नाम रोशन



**जगप्रेरणा काँहीवाड़ा।**

काँहीवाड़ा के फूटाताल में स्थित मदरसा मोहम्मदिया शाला की कक्षा 8वीं की छात्रा अलमीरा ने बोर्ड परीक्षा में 72 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने परिवार एवं शाला का नाम रोशन किया है। अलमीरा की इस उपलब्धि से परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

अलमीरा, ग्राम पंचायत काँहीवाड़ा में कार्यरत लिपिक शफीक राज की पुत्री हैं। उनकी सफलता पर इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों एवं शाला परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अलमीरा की इस उपलब्धि को लेकर मदरसा मोहम्मदिया शाला में भी हर्ष का वातावरण बना हुआ है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन..



**जगप्रेरणा बरघाट।**

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग की निर्देशानुसार 'स्कूल चले हम अभियान' अंतर्गत बरघाट नगर की संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिनांक 1 अप्रैल 2026 को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विधानसभा बरघाट विधायक के मुख्य आतिथ्य एवं आर पी पाटिल सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ हुई तथा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, इसके पश्चात प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प हार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया मिष्ठान वितरण किया गया, समस्त विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक व निशुल्क साइकिल वितरण अतिथियों के करकमलों द्वारा प्रदान की गयी।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि विधायक विधानसभा बरघाट द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं उन्हें बेहतर भविष्य के लिए अच्छी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पधारे अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किये।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गोमती ठाकुर, श्रीमती आभा जितेंद्र राहंगडाले, श्रीमती इमरता साहू, अध्यक्ष नगर परिषद, श्रीमती ममता अनिल पाठक, प्रितपाल सिंह बघेल, हेमंत राहंगडाले, असंत उइके, नवल कटरे, सुजीत सूर्यवंशी, भवानी प्रसाद बरमैया, अनिल पाठक, रमन लुधियाना, प्रदीप ठाकुर, मनोहर धानेश्वर, सत्यांश भट्ट, श्रीमती भारती विनोद रजक, दामोदर तुरकर, जय सिंह मार्को विकासखंड शिक्षा अधिकारी बरघाट, संजीव राय एपीसी जिला सिवनी एवं पार्टी पदाधिकारी गण,अन्य प्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिकों, पालकों तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# कलेक्टर ने केवलारी विकासखण्ड के ग्राम बिछुआ में 'बगिया मां के नाम' योजना अंतर्गत हुए पौधरोपण का निरीक्षण किया



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को केवलारी विकासखंड के ग्राम बिछुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 'बगिया मां के नाम' योजना***

अंतर्गत किए गए पौधरोपण कार्य का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने हितग्राही अर्चना रजक से उनकी 1 एकड़ भूमि में लगाए गए आम के पौधों की स्थिति, रख-रखाव, सिंचाई व्यवस्था एवं उत्पादन की संभावनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने उन्नत किस्म के पौधों के चयन, ड्रिप सिंचाई प्रणाली में आई लागत तथा भविष्य में संभावित आय पर चर्चा करते हुए हितग्राही को प्रोत्साहित किया कि वे बागवानी को आय का स्थायी स्रोत बनाएं। साथ ही कलेक्टर श्रीमती पटले ने मौके पर उपस्थित आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भी संवाद कर उनकी आर्थिक गतिविधियों, आयवृद्धि के प्रयासों एवं समूह संचालन की स्थिति की जानकारी ली तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर एसडीएम श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# महाराज मोहित राजु सोनी बने 9 वें हनुमान.. त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा..

## 40 किलो का मुकुट धारण कर कर हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा मे जमकर झुमे नाचे महाराज..

### हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर से निकली पालकी यात्रा..


### संपूर्ण बालाघाट नगर में विभिन्न मंदिरों में विधि विधान से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा। सनातन धर्म में धरती पर अपने भक्तों के सारे कष्ट हरने के लिये भगवान हनुमान जी की महिमा ही निराली है, यही कारण है कि धरती पर आज के दौर में सर्वाधिक पूज्य देवता के रुप में पवनपुत्र हनुमान जी की पूजा और***







आराधना की जाती है। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भारी भीड़ नजर आती है, और ऐसा ही एक बार फिर आज 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर बालाघाट शहर में नजर आया। बालाघाट शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से और पुरे भक्तिभाव तथा विधि विधान से मनाया गया। बालाघाट शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के प्रमुख हनुमान भक्त शंकरदादा मोटवानी के विशेष प्रयासों से दशहरा उत्सव की तरह हनुमान जन्मोत्सव पर भी हनुमान जी की शोभायात्रा एवं हनुमान जी के 40 दिनों के विधि विधान से पाठ का शुभारंभ किया गया था, जो निरंतर बढ़ते हुए 9 वें वर्ष में पहुंच गया है। त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 9 वें हनुमान जी का पाठ मोहित राजकुमार सोनी ने किया।

महाराज मोहित सोनी ने हनुमान जी का स्वरुप धारण करने से पहले निरंतर 40 दिनों का व्रत पाठ किया। शंकर दादा मोटवानी, महाराज सन्नी आहुजा, विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष यज्ञेश (लालु) चावड़ा के मार्गदर्शन में तथा पिता राजकुमार(राजु) सोनी के कुशल नेतृत्व में अपना पाठ पूरा किया। तथा आज 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में हनुमान जी का 40 किलो का मुकुट धारण कर हनुमान भक्ति का परचम लहरा दिया।

त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान जी की शोभायात्रा बैंडबाजों, ढोल नगाडों के साथ निकाली गई, जिसमें युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। जयवीर महावीर के नारों के साथ युवा सेवक महाराज मोहित सोनी का उत्साह बढ़ा रहे थे। महाराज मोहित सोनी के नेतृत्व में निकली हनुमान जी की शोभायात्रा त्रिपुर सुंदरी मंदिर से प्रारंभ होकर काली पुतलीचौक, सुभाष चौक, हनुमान चौक, आंबेडकर चौक होते हुए वापस त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुंची, जहां पर हनुमान जी की



## पुराना श्रीराम मंदिर से निकली पालकी यात्रा..

गुरुवार सुबह चैत्र मास की पूर्णिमा पर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर बालाघाट नगर के हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर, चित्रगुप्त नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, शिवसांई मंदिर के अलावा अनेक मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इसी प्रकार काली पुतली चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में रामनाम जप से हनुमान जन्मोत्सव की शुरुआत की गई। सुबह 5:50 बजे हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट और विहिप के सहयोग से बाल हनुमान जी की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होकर वापस मंदिर पहुंची। सुबह प्रातःकालीन पूजा के दौरान एसडीएम गोपाल सोनी, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सोनी, श्याम कौशल आदि भी पूजन के लिये हनुमान मंदिर पहुंचे। इसके बाद सुबह 9 बजे से 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।








## बजरंग घाट मे मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग घाट में भी जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजीव (भाऊ) अग्रवाल के नेतृत्व में हनुमान चालीसा पाठ आरती और भंडारा महाप्रसाद का आयोजन के साथ टीन शेड निर्माण का लोकार्पण भी किया गया। जिला तैराकी संघ के आमंत्रण पर हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित भक्ति कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, उत्पानसिंह ठाकुर, श्रीमती लता एलकर, श्रीमती मंजु सेठिया विशेष रुप से उपस्थित थे, जबकि बड़ी संख्या में तैराकी संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।





# नक्सल प्रभावित ग्रामों के विकास को लेकर कलेक्टर मृणाल मीना ने अधिकारियों के साथ की अहम बैठक



### बालाघाट में 100 गांवों के लिए तैयार हो रहा 300 करोड से अधिक का समग्र डेवलपमेंट प्लान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***नक्सलवाद से मुक्त हो चुके बालाघाट जिले में अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कभी नक्सल प्रभावित रहे गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 02 अप्रैल को संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास कार्यो के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।***

बैठक में बताया गया कि अति नक्सल प्रभावित रहे 100 ग्रामों को चिन्हित कर विभिन्न विभागों के माध्यम से समग्र विकास योजना तैयार की जा रही है, जिसमें 300 करोड से अधिक के कार्य प्रास्तावित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल वे ही कार्य इस डेवलपमेंट प्लान में शामिल किए जाएं, जो विभागीय योजनाओं के अंतर्गत संभव नहीं हैं, ताकि विशेष योजना के तहत इनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफभी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, बिजली, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, पेयजल, महिला एवं बाल विकास और खाद्यान्न वितरण से जुड़े व्यापक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा 16 ग्रामों में सिंचाई योजनाएं तैयार की गई हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा स्टॉपडेम और चेकडेम जैसे लघु सिंचाई कार्य प्रस्तावित हैं। विद्युत विभाग ने सोलर सेंटर एवं ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए लगभग 13.50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 37 ग्रामों में उचित मूल्य दुकान सह 50 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण की योजना है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 3 करोड़ रुपये से अधिक लागत से नए आंगनवाड़ी भवन एवं मरम्मत कार्य प्रस्तावित किए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

इसके अलावा सर्व शिक्षा अभियान के तहत शाला भवन निर्माण, उद्योग एवं तकनीकी विभाग द्वारा आईटीआई भवन व छात्रावास, मत्स्य विभाग द्वारा तालाब निर्माण, पशुपालन विभाग द्वारा बड़े ग्रामों में पशुशेड निर्माण, कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रुपये के कृषि विकास कार्य, उद्यानिकी विभाग द्वारा बड़े स्तर पर नर्सरी स्थापना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 189 किमी लंबाई की 41 सड़कों का निर्माण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों के सुधार, आयुष विभाग द्वारा 3.45 करोड़ रुपये के औषधालय निर्माण जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी, किरनापुर और बालाघाट विकासखंड के कई ग्राम पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे हैं। अब नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद इन क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रस्तावों को शीघ्र अंतिम रूप दें, ताकि इन्हें समय पर शासन को भेजकर स्वीकृति प्राप्त की जा सके। नक्सल से विकास की ओर बढ़ता बालाघाट अब नए बदलाव की ओर अग्रसर है, जहां सुरक्षा के साथ-साथ समृद्धि और विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचेगी।

# बालाघाट में मिर्च के अवैध परिवहन पर मंडी समिति की बड़ी कार्रवाई, की 1.98 लाख रुपये की वसूली..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में सूखी लाल मिर्च के व्यापार में हो रही अनियमितताओं और कर चोरी पर कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1.98 लाख रुपये का मंडी शुल्क एवं जुर्माना वसूल किया है।***



गर्मी के सीजन में मिर्च की बढ़ती मांग के बीच नागपुर की कलमना मंडी से बालाघाट जिले में भारी मात्रा में सूखी मिर्च की आवक हो रही है, लेकिन इसमें बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी सामने आई है। जांच में पाया गया कि स्थानीय व्यापारी 220 से 250 रुपये प्रति किलो में मिर्च बेच रहे हैं, जबकि नागपुर मंडी में इसका थोक भाव 140 से 180 रुपये प्रति किलो है। इसके बावजूद व्यापारी कम दर (50 से 90 रुपये प्रति किलो) के बिल पर मिर्च मंगाकर मंडी शुल्क और जीएसटी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही बिल में कम मात्रा दर्शाकर और वाहनों में अधिक माल लोड कर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

मंडी प्रशासन के अनुसार सूखी मिर्च पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू है और 50 हजार रुपये से अधिक के अंतर्राज्यीय परिवहन के लिए ई-वे बिल अनिवार्य है। लेकिन कई मामलों में कम मूल्य और वजन दर्शाने के कारण ई-वे बिल नहीं बनाया जा रहा, जिससे कर चोरी की आशंका बढ़ रही है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी के निर्देशन और तहसीलदार मंजुला महोबिया के मार्गदर्शन में मंडी समिति के उड़नदस्ता दल ने 2 अप्रैल को दो बड़ी कार्रवाइयां कीं। दल ने नागपुर से बालाघाट आ रहे दो ट्रकों (एमएच 40 बीएम 0271 और एमपी 50 जेड जे 5379) को पकड़कर जांच की, जिसमें आवश्यक दस्तावेज, बिल और ई-वे बिल नहीं पाए गए। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यापारियों पर पांच गुना मंडी शुल्क और जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान परी ट्रेडर्स से 18,890 रुपये, वैष्णवी ट्रेडर्स से 7,880 रुपये और गणेश किराना बिसोनी से 3,345 रुपये दंड स्वरूप वसूले गए। वहीं वैध बिल पर आए माल पर गुजरात किराना से 4,840 रुपये और जय भवानी ट्रेडर्स से 680 रुपये मंडी शुल्क वसूला गया। इस तरह कुल 35,635 रुपये की वसूली की गई।

पिछले तीन दिनों में जिले की विभिन्न मंडी समितियों ने भी सघन अभियान चलाते हुए कई कार्रवाइयां की हैं। 31 मार्च को वारासिवनी मंडी ने तीन वाहनों से 66,619 रुपये और बालाघाट मंडी ने एक वाहन से 51,500 रुपये वसूले। 1 अप्रैल को कटंगी मंडी ने 29,678 रुपये तथा 2अप्रैल को वारासिवनी मंडी ने दो वाहनों एमपी 50 जेड एफ 5953 और एमएच 40 बीएल 5881 से 14,269 रुपये दंड स्वरूप वसूले। इस कार्यवाही में मंडी सचिव भानेश्वर तुरकर, मंडी निरीक्षक भीमेन्द्र चौधरी, विनोद बंसोड़, उपनिरीक्षक मनोज पटले, वासुदेव बढ़ई, जीवनसिंह कुसरे, दीपशिखा पोचाटे और प्रकाश सोनवाने सम्मिलित रहे। मंडी प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे वैध बिलों पर ही व्यापार करें और मंडी शुल्क व जीएसटी से बचने के लिए किसी भी प्रकार की हेराफेरी न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 03 अप्रैल को संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिलास्तरीय शिविर का आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 03 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जायेगा। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधी स्टाल भी लगाये जायेंगें।

बालाघाट मे दैनिक जगप्रेरणा हेतु संपर्क करें.. मनीष ठाकुर, मो. 9424766923



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## ग्राम रजेगांव के गाँधी चौक में शराब दुकान शिफ्ट, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा - धरना-चक्का जाम की चेतावनी




**अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।**

***जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम रजेगांव में स्थित गाँधी चौक के रहवासी इलाके में रातों-रात शराब दुकान शिफ्ट किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार,***

बालाघाट हाईवे रोड के पास संचालित देसी-विदेशी शराब दुकान को बिना किसी पूर्व सूचना और स्थानीय अनुमति के गाँधी चौक रोड किनारे स्थानांतरित करने का प्रयास किया गया।

जैसे ही इसकी जानकारी ग्राम रजेगांव के सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और दुकान के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कर्मचारियों से पूछा कि किस अनुमति के आधार पर यहाँ दुकान खोली जा रही है तथा क्या ग्राम पंचायत से एनओसी ली गई है, लेकिन कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और शटर बंद कर वहां से चले गए।

### नियमों की अनदेखी, प्रशासन पर उठे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकान ऐसे स्थान पर खोली जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है। प्रस्तावित स्थल से गाँधी प्रतिमा मात्र 100 मीटर तथा सांदीपनि स्कूल लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा यह स्थान बस स्टैंड और घनी आबादी वाले क्षेत्र के बीच में आता है।

### महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा पर खतरा

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि पहले भी इस स्थान पर शराब दुकान संचालित थी, जिससे क्षेत्र में छेड़छाड़, विवाद और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई थी। खासकर स्कूली छात्राओं और महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों के विरोध के बाद पूर्व में प्रशासन द्वारा दुकान हटाए जाने से राहत मिली थी, लेकिन अब पुनः उसी स्थान पर दुकान खोले जाने की कोशिश से नाराजगी बढ़ गई है।

### दुर्घटना और शांति भंग होने की आशंका

बस स्टैंड एवं मुख्य मार्ग के पास शराब दुकान खुलने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ने के साथ ही क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है।

### ग्रामीणों की चेतावनी - 'दुकान खुली तो होगा उग्र आंदोलन'

मीडिया से बातचीत में ग्राम रजेगांव के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि यदि यहाँ शराब दुकान खोलने का प्रयास किया गया, तो वे धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जनपद किरनापुर के ग्राम रजेगांव में बिना अनुमति शराब दुकान शिफ्ट करने का मामला प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की अनदेखी को दर्शाता है। अब देखना होगा कि जिला बालाघाट प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल गढ़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न..





**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***भारतीय जनता पार्टी मंडल गढ़ी में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के अंतर्गत गढ़ी मंडल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया।***

जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, विचारधारा और कार्यशैली के बारे में प्रशिक्षित करना है

इस अभियान के तहत विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चर्चा की जा रही है । वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य विचारों का आदान प्रदान किया जाना है।

### इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता और कार्यक्रम प्रभारी

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री भगत सिंह नेताम (पूर्व विधायक बैहर)उमेश देशमुख (श्रीमती भारती ठाकुर (नगर पालिका अध्यक्ष बालाघाट) श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी (मंडल प्रभारी गढ़ी) श्रीमती अनुपमा नेताम(जिला महामंत्री बालाघाट) नरेंद्र भैरम (जिला महामंत्री बालाघाट) सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम (प्रदेश मंत्री अ. ज.जा.) श्रीमती कल्पना मर्सकोले (प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा) भोजराज पारधी नियंत्रक के रूप में उपस्थित रहे।

### उपस्थित मंडल के पदाधिकारी और सदस्य गण

सुश्री सोनाली कुशराम (मंडल अध्यक्ष गढ़ी) टेकलाल धानेश्वर, शगुन लाल भुनेश्वर (मंडल महामंत्री) दीपक पांडे, ओमप्रकाश मेरावी, श्रीमती अमरौतिन धुर्वे, कन्हैया निगम, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रामचंद्र ठाकरे (मंडल उपाध्यक्ष) माखन टाड़े, अर्जुनदास कोटियार, श्रीमती कविता धुर्वे, श्रीमती देवकुंवर कुशरे, दीनदयाल बिसेन, श्रीमती ललिता धुर्वे, (मंडल मंत्री) श्रीमती मंजुलता चौधरी (महिला मोर्चा अध्यक्ष) दीपक मरकाम, (कोषाध्यक्ष) अजय रजक ( मंडल मीडिया प्रभारी)प्रकाश बधाइयां (आई टी प्रभारी) वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र धारवैया, विजय गुप्ता, सरवन अलवरे (मंडल प्रभारी) जितेंद्र गुप्ता, दीपक यादव, राजेश कुंडारिया, आदित्य मिश्रा, रमाकांत शुक्ला, रितेश यादव, मंगल यादव, श्रीमती कांता ठाकरे, श्रीमती सुनीता पटेल और समस्त बूथ अध्यक्ष एवं समस्त शक्ति केंद्र प्रभारी एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## परसवाड़ा में भीषण आगः कपास गोदाम में रखा 40 बोथ माल जलकर राख, 3 लाख का नुकसान, ग्रामीणों की मशक्कत से टला बड़ा हादसा..



**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

नगर के राम मंदिर के समीप स्थित एक तीन मंजिला बिल्डिंग के बेसमेंट में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे भीषण आग लगने से इलाके में अफ़रा-तफ़री मच गई। आग कपास और गद्दों के गोदाम में लगी, जिससे वहां रखा लगभग 40 बोथ माल, गद्दे, रजाई और तकिया धू-धू कर जलकर राख हो गए। इस घटना में करीब 3 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### धुएं के गुबार से मचा हड़कंप-

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय अचानक बिल्डिंग के बेसमेंट से काले धुएं का घना गुबार निकलता दिखाई दिया। धुआं उठते देख आसपास के दुकानदार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में हड़कंप की स्थिति बन गई।

### ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा-

आग की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू कर दिया। किसी ने रेत डालकर आग बुझाने की कोशिश की तो किसी ने बाल्टी और पाइप के जरिए पानी डालना शुरू किया। आसपास के घरों से पाइप जोड़कर लगातार पानी सप्लाई किया गया।

बेसमेंट में रखे कपास और गद्दों के कारण आग तेजी से फैल रही थी और धुएं के कारण अंदर जाना मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद युवाओं ने जोखिम उठाकर गोदाम के भीतर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास जारी रखा। बिल्डिंग के पीछे की ओर से भी पाइप लगाकर आग बुझाने की कोशिश की गई।

### दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू-

लगातार करीब दो घंटे तक चली कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। इस दौरान कई लोगों ने अंदर से कुछ बोथ बाहर निकालने का प्रयास भी किया, लेकिन अधिकांश सामान जल चुका था। जो कुछ बोथ बाहर निकाले गए, उनमें भी आंशिक रूप से नुकसान हो चुका था।

### देरी से पहुंचा दमकल वाहन-

घटना की सूचना परसवाड़ा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। वहीं दमकल विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद बैहर से घटनास्थल पर पहुंचा। तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा चुका था। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर शेष हिस्सों में पानी डालकर बिल्डिंग को ठंडा किया।

### गोदाम मालिक ने बताई नुकसान की कहानी-

गोदाम मे रखें सामान के व्यापारी सज्जाद हुसैन ने बताया कि कपास, गद्दों और तकिया के दाम में गिरावट के कारण उन्होंने करीब 3 लाख रुपए का 40 बोथ( बड़ा बोरा) माल स्टॉक कर रखा था। जगह की कमी के चलते यह माल बिल्डिंग के बेसमेंट में रखा गया था, जो दोनों ओर से खुला हुआ था। आग लगने से पूरा माल जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि नीचे लाइट नहीं थी। यह आशंका भी जताई कि यह किसी की शरारत भी हो सकती है।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच जारी-

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बेसमेंट में कई जगह खुले तार और अव्यवस्थित वायरिंग देखी गई है, जिससे आग लगने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और कुछ संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ भी की जा रही है।

### दमकल सुविधा नहीं, हर बार उठाना पड़ता नुकसान-

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि परसवाड़ा में लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन आज तक यहां दमकल वाहन की स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है। हर बार 30 किलोमीटर दूर बैहर से दमकल बुलानी पड़ती है, जिससे समय पर मदद नहीं मिलती और लाखों का नुकसान हो जाता है।

### प्रशासन का आश्वासन-

एसडीएम श्रीश प्यासी ने बताया कि परसवाड़ा में दमकल वाहन की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्ताव रखा गया है। इस संबंध में विभिन्न संस्थाओं से भी चर्चा चल रही है और जल्द ही दमकल वाहन की व्यवस्था किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बड़ा हादसा टला-

समय रहते ग्रामीणों की सक्रियता और साहस के कारण आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि आग और फैलती तो आसपास की दुकानों और मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी।

## परसवाड़ा में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..









**हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

अंजनी पुत्र पवनसुत वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरे देश की तरह परसवाड़ा तहसील में भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार सुबह से ही नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर, बिजाटोला हनुमान मंदिर एवं श्रीराम मंदिर प्रांगण में तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हुए मंगलकामनाएं करते नजर आए।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई थी। फूलों और आकर्षक विद्युत सजावट से मंदिर परिसर जगमगा उठा। दिनभर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। दोपहर के समय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। इसके साथ ही विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ।

इसके पश्चात दोपहर करीब 3 बजे युवाओं द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवा भगवा ध्वज के साथ जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। रैली हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बिजाटोला, लिंगा, पोड़ी सहित विभिन्न मार्गों से होकर निकली और पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में लोगों ने रैली का स्वागत किया। संध्या समय सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन का भव्य आयोजन किया गया। भक्तों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर विधिपूर्वक हवन में आहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे एवं समाजसेवी रामेश्वर कटरे विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी हवन-पूजन में सहभागिता निभाई।

शाम ढलते ही श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। झांकी के साथ हनुमान भक्त भक्ति में लीन होकर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते नगर भ्रमण पर निकले। बस स्टैंड होते हुए यह झांकी पुनः हनुमान मंदिर परिसर पहुंची। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। झांकी के समापन के पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा देर रात तक चलता रहा। आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चौक-चौराहों एवं मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहा।

इस अवसर पर शिखरचंद जैन, रामेश्वर धानेश्वर, पीएस ठाकरे, पंकज जैन, मनोज पटेल, लोकेश राहंगडाले, सीएल दौने, प्रफुल्ल जैन, महेंद्र पटले, महेंद्र शर्मा, देवेन्द्र डहरवाल, राकेश मिश्रा, लारेश ब्रह्मे, हर्ष पाण्डेय, प्रवीण सोनी, नरेंद्र शरणागत, योगेश अमूले, राजेश दूबे, रविन्द्र नागेश्वर, अवतार अवधिया, मनीष लांजेवार, निशिकांत श्रीवास्तव, श्रीश अवधिया, वेद पटले, योगेंद्र हनवत, चिराग जैन, रितिक गुप्ता, राहुल पटले, मन्नु वंशपाल, मनोज ब्रम्हे, पियूष कोचर, अनुप तिवारी, आलोक तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोखा
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत कोखा जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती संगीता मेरावी, सरपंच — श्री घनश्याम राठौड़, उप सरपंच

श्री राम शी ढोढरे, सचिव — श्री हेमन्त पटले, रोजगार सहायक — श्रीमती रचना टेकाम, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिरवा
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बिरवा जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती सुंदरी बदन मेरावी, सरपंच — श्री हीरासिंह पुषाम, उप सरपंच

श्री झितुलाल परते, सचिव — श्रीमती शांति परवार, रोजगार सहायक — सुश्री भगवंती पट्टावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बहकाल
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बहकाल जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती बिन्दु सोनसिंह धुर्वे, सरपंच — श्री राजीव पंचेश्वर, उप सरपंच

श्री शम्भू टेम्भरे, सचिव — श्री उपदेश मराठे, रोजगार सहायक — श्रीमती कांति पंचतिलक, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत हर्राभाट
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत हर्राभाट जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती लक्ष्मी दिनेश धुर्वे, सरपंच — श्रीमती दीपिका राकेश धुर्वे, उप सरपंच

श्री टेमीचंद राहंगडाले, सचिव — श्री अर्जुन सिंह धुर्वे, रोजगार सहायक — श्रीमती रमाकांत दीपक सोनवणे, मोबेलाईजर










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# निस्वार्थ भाव से सेवा, एकाग्रता और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का संदेश देती है हनुमान जंयति.. प्रदीप जायसवाल

### अतिभव्य शोभायात्रा मे देवी देवताओ की सजीव झांकी और यादगार न्रत्य ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता की प्रदान










**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***नगर मे हनुमान जंयति इस साल भी अति भव्य शोभायात्रा के साथ हजारो भक्तो ने उत्साह के साथ मनायी। शोभायात्रा मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ हनुमान भक्तो ने गाडरवाडा से पहुची एक***

से एक सजीव झांकी के साथ अपनी भक्ति का परिचय कराकर नगर को पूर्णत धार्मिकता प्रदान करने का कार्य किया। करने वाले राम कराने वाले राम टीम के इस साल के आयोजन ने भी नगर के प्रमुख कार्यक्रम की दौड मे शामिल होने का कार्य किया। भोलबाबा, कालीमाता, जगतजननी सहित अन्य देवी देवताओ की मनोहारी व न्रत्य वाली झांकी को देखने के लिये समुचे नगर के प्रमुख चैको मे भक्तो की भारी भीड भी नजर आयी।

इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने सभी को हनुमान जंयति की शुभकामनाये प्रेषित करते हुये कहा की शक्ति, भक्ती और निस्वार्थ सेवा के प्रतिक भगवान हनुमान की जंयति ने समुचे नगर मे आध्यात्मिक उर्जा भर दिया है। यह दिवस मानसिक शक्ति, साहस और नकारात्मकता को दूर करने के साथ पूजा अर्चना के लिये उत्तम माना जाता है। यह जंयति हमे निस्वार्थ भाव से सेवा, एकाग्रता और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का संदेश देता है।

आज दोपहर समय मे अतिभव्य शोभायात्रा नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर से गाजे बाजे और विभिन्न आकर्षणो के साथ निकाली गयी। जिसमे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, विश्व हिंदू परिषद बालाघाट के पदाधिकारी लालू चावडा, शैलेन्द्र सेठी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,जसवंत पटले, मोनू लिमजे, किरण शर्मा के साथ भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुये।

गाडरवाडा से पहुची अनेको देवी देवीताओ की सजीव झांकीयो ने जब शोभायात्रा मे न्रत्य के माध्यम से अपनी आराधना का परिचय कराया तो भक्तो का सैलाब जंहा इसे मनोहारी द्रश्य को देखने के लिये लालायित नजर आया। वही प्रमुख चैको मे तो भक्तो की भारी भीड शोभायात्रा का स्वागत करने के लिये खडी देखी गयी।

शोभायात्रा के स्वागत मे संदीप मिश्रा, मनोज दांदरे, राहील भाई,अभिषेक चैहान, मतीन बाबा, मोहम्मद मासूद खान आदि ने मुख्य चैराहे पर सभी को ठंडी छाछ का वितरण भी कराया। वही राहुल गांधी विचार मंच से जावेद खान एंड टीम ने भी नेहरू चैक पर शीतल शर्बत का वितरण कर कौमी एकता का परिचय दिया। नगर के जय स्तंभ चैक पर शोभायात्रा के समापन पर भव्य मंचीय कार्यक्रम के आयोजन ने भी हनुमान जंयति को अलग प्रकार की विशिष्टता प्रदान की। जय स्तंभ चैक पर गाडरवारा के कलाकारो ने एक से बढकर भजनो पर न्रत्य की शानदार प्रस्तुति देकर सभी के भक्तिभाव को बढाने का कार्य किया। वही कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे जनप्रतिनिधीयो व हजारो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ भी अर्जित किया। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, चंदू बंसतवानी, संदीप मिश्रा, मनोज दांदरे,रणवीर बंसतवानी, सांई, अमन बंसतवानी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफ्ल बनाने पर आयोजनकर्ताओ की ओर से करने वाले राम कराने वाले राम टीम की ओर से आभार भी व्यक्त किया।

# वारासिवनी महाविद्यालय में 4 अप्रैल को होगा रोजगार मेले का आयोजन..

### युवाओं को मिलेगा बड़ी कंपनियों में जॉब करने का अवसर..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***वारासिवनी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में जिला प्रशासन बालाघाट के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 4 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है।***

यह रोजगार मेला महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में टाटा, रॉयल एनफील्ड, माइक्रान, यजाकी और फॉक्सकॉन जैसी प्रमुख कंपनियां चयन प्रक्रिया के लिए शामिल होंगी। विशेष रूप से बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन कंपनी महिलाओं के लिए विशेष रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भाग ले रही है।

रोजगार मेले में शामिल होने वाले युवाओं का पंजीयन 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। पंजीयन के बाद उम्मीदवार संबंधित कंपनियों की चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी श्री कार्तिकेय जायसवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर ने क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में शामिल होकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरनाः केन्द्र की नीतियों पर विधायक मधु भगत का हमला






**जगप्रेरणा बालाघाट/परसवाडा।**

***बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस द्वारा परसवाडा में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।***

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और आम जनता का जीवन अत्यंत कठिन होता जा रहा है। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक भगत ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार महंगाई कम करने के केवल झूठे आश्वासन देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि और आवश्यक वस्तुओं की महंगाई ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। इससे मध्यमवर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

विधायक भगत ने आगे कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों और अपरिपक्व निर्णयों के कारण आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं से मुंह मोड़कर केवल राजनीतिक लाभ के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर मौन साधे हुए है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक आम जनता की पीड़ा पहुंचाने का प्रयास किया गया। नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन आमजन के अधिकारों और उनके हक की लड़ाई है, जो आगे भी जारी रहेगा।

धरना स्थल पर उपस्थित अन्य कांग्रेस वक्ताओं ने भी महंगाई के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो भाजपा पहले महंगाई को लेकर बड़े-बड़े वादे करती थी और 'महंगाई डायन' जैसे नारे लगाती थी, आज उसी के शासन में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफ्ल साबित हुई है और जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने बढ़ती महंगाई के खिलाफअपनी आवाज बुलंद की। नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक महंगाई पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# चंदन नदी में श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश, संगोष्ठी में दिलाई 'हर बूंद बचाने' की शपथ..



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी (जिला बालाघाट) द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर एक सराहनीय पहल की गई।***

परिषद की प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं के संयुक्त प्रयास से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत मेहंदीवाड़ा स्थित चंदन नदी किनारे श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिकता के भाव से नदी किनारे पन्नी, कचरा एवं गाद निकालकर साफसफाई की। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

श्रमदान के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पानी की एक-एक बूंद बचाने के प्रति जनजागरूकता पर जोर दिया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है और यदि अभी से जल संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य गंभीर संकट में पड़ सकता है। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी से जल बचाने के लिए छोटे-छोटे उपाय अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढे जैसे उपायों को अपनाकर ग्रामीण स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक), किशोर जी तामेश्वर (सरपंच प्रतिनिधि), सीएम इंटर्न शुभम साहरे, सामाजिक कार्यकर्ता लाकेश पारधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

### प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को प्रोत्साहन राशि से किया जाएगा पुरुस्कृत

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के प्रतिभावान खिलाडियों के लिए वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

यह खेलवृत्ति उन खिलाडियों को प्रदान की जाएगी जिन्होंने दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित किया है। विभाग द्वारा निर्धारित प्रावधान के अनुसार स्वर्ण पदक विजेता खिलाडियों को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेताओं को 08 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को 06 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि खेलवृत्ति के रूप में दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी अपने आवेदन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, मुलना स्टेडियम से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

खेलवृत्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभाग की आधिकारिक वेबसाइट 222.स्रह्य42द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। खिलाडियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 6 वाहन जब्त

### खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त दबिश




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। 02 अप्रैल को खनिज विभाग एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में 06 वाहन जब्त किये गये है।

उप संचालक खनिज सुश्री फ्रहत जहां ने बताया कि 02 अप्रैल को तड़के सुबह 4 बजे खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, सुरेश कुलस्ते एवं बालाघाट पुलिस बल ने तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम नंदोरा स्थित सर्रा नदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान सर्रा नदी में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 04 ट्रैक्टरों को मौके पर ही पकड़ा गया। सभी वाहनों को जब्त कर थाना लांजी परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। ट्रैक्टर क्रमांक रूक्क 50ट्ट 1898, चालक राजकुमार, निवासी ग्राम घोटी, बिना नंबर का पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक मुकेश मात्रे, निवासी ग्राम कड़ता, बिना नंबर का जॉन डियर ट्रैक्टर, चालक मोहनीश दौने, निवासी ग्राम नंदोरा एवं बिना नंबर का पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक दुर्गेश नारनौरे, निवासी ग्राम नंदोरा को जब्त् किया गया है।

उप संचालक सुश्री फ्रहत जहां ने बताया कि इसी कार्रवाई के तहत ग्राम नवेगांव क्षेत्र में दो हाइवा डंपरों को भी खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। मुरूम का अवैध परिवहन करने पर हाइवा क्रमांक -छ्त्र -11 ट्ठ्ठ -8923, चालक शेख हाशिम, निवासी सरेखा एवं हाइवा क्रमांक-त्र्छ्व-08-ट्ठ्ठ-1953, चालक अफ्रोज खान, निवासी हीरापुर भरवेली को जब्तच किया गया है। दोनों हाइवा डंपरों को कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज शाखा परिसर में खड़ा कराया गया है।

प्रशासन द्वारा जब्त किए गए कुल 6 वाहनों (ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं हाइवा डंपर) पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन के खिलाफइस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफसख्त कदम उठाए जाएंगे।






### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## पीएम श्री कुम्हारीकला में तिलक कर विद्यार्थियों पर की पुष्पवर्षा..

**हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया प्रवेश उत्सव..**





जगप्रेरणा लांजी।

***शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारीकला में हर्षोल्लास और उमंग के साथ 'प्रवेश उत्सव' मनाया गया।***

कार्यक्रम में नवागत छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का छात्रों के प्रति विशेष संदेश का सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलिचंद रजनीरे एवं उनके साथ पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष तेजराम रजनीरे, भाजपा मंडल महामंत्री डॉ. तोमेश्वर बापूरे, डॉ. भुनेश्वर बल्ले, डॉ. घासीराम कालबेले सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नवागत विद्यार्थियों का मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। छात्रों को विद्यालय की परंपराओं, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### पुस्तक वितरण एवं पुरस्कार समारोह..

शासन की मंशा के अनुरूप सत्र के पहले ही दिन सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पारितोषिक भेंट किए गए।

मुख्य अतिथि दुलिचंद रजनीरे ने संबोधन में कहा कि पुस्तकों के माध्यम से ही ज्ञान के नए द्वार खुलते हैं। उन्होंने छात्रों से इन संसाधनों का सदुपयोग करने और मेहनत से पढ़ाई करने का आह्वान किया।

प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में आधुनिक शिक्षा, बेहतर सुविधाएं और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से संकल्पित हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सेना से से.नी. जवान का हुआ घर आगमन पर भव्य स्वागत





जगप्रेरणा लांजी।

लांजी क्षेत्र के गौरव हवलदार गोवेन्द्र पिता लखनलाल घोंघड़े जिन्होने गौरव शाली भारतीय सेना में 22 वर्ष देश सेवा में समर्पित होकर 2 अप्रैल को सेवानिवृत्त होकर वापस लौटे जहां उनका भव्य स्वागत लांजी की पावन धरा में डीजे बाजे, ढोल नगाड़े एवं तिरंगा लहराते हुये फूल माला पहनाकर स्वागत वंदन नाते रिश्तेदारो सहित ईष्ट मित्रो, आर्यन ग्रुप लांजी, भुत पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के द्वारा किया गया। बतादे कि हवलदार गोवेन्द्र ने 22 वर्ष की देश सेवा काल में देश की रक्षा करते हुये कई महत्वपूर्ण जवाबदारियॉ निभाई है। उनकी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण क्षेत्र के युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत है।

### 22 वर्ष का सफलतम कार्यकाल, हासिल किये कई मेडल..

भारतीय सेना में चयनित होकर देश सेवा में अपना जीवन समर्पित करना यह बेहद ही गौरवशाली पल होता है। हवलदार गोवेन्द्र घोंघडे लांजी क्षेत्र के लिये किसी गौरव से कम नही है वर्ष 2004 से उन्होने अपनी इस देश सेवा की शुरूवात की थी। जहां उन्होने 2004 से 2007 तक अंबाला कैन्ट, 2008 से 2010 तक राष्ट्रीय राईफल आर आर रामबाण, 2011 से 2013 रूरकी, 2013 से 2017 अंबाला कैन्ट, फरवरी 2017 से नवंबर 2017 डीआरसी कान्गो अफ्रीका में सेवाऐं दी, 2019 से 2024 बबीना कैन्ट, 2025 में लेह लद्दाख चाईना बार्डर में कार्य कर सेवानिवृत्त हुये। इस दौरान इन्हे डीआरसी अफ्रिका कान्गो के लिये 2 मेडल, विदेश सेवा मेडल, यूनाईटेड नेशन मेड़ल, आर्मी कोर्स,डीएमए इन्टेक्टर कोर्स ग्रेडिंग एएक्स, जम्मू कश्मीर में अनेको युद्ध स्तरीय कार्य में सहभागीता हवलदार गोवेन्द्र के द्वारा दी गई।

### ऑपरेशन सिंदूर मे निभाई अहम भूमिका..

हवलदार गोवेन्द्र घोंघड़े ने जहां 22 वर्षो का अपना सफ्लतम कार्यकाल देश सेवा में समर्पित किया वहीं उन्होने बिते कुछ समय पूर्व ऑपरेशन सिंदूर में भी अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के समय में वे जैसलमेर लौंगेवाड़ा में पोस्टेड थे जो कि पाकिस्तान बार्डर क्षेत्र है। 22 वर्ष देश सेवा कर वापस अपने घर लौटे हवलदार गोवेन्द्र घोंघड़े का 2 अप्रैल को लांजी की पावन धरा नेताजी सुभाष चौक में भव्य स्वागत सत्कार किया गया जैसे ही गोवेन्द्र लांजी पंहुचे जहां पिता जी लखनलाल घोंघड़े, माता जी ललीता बाई घोघड़े, पत्नि गायत्री घोघड़े, पुत्र दक्ष घोंघडे, पुत्री विनिधी घोघंडे, भाई धर्मेन्द्र घोघड़े, उल्लासराम कोठारे जीजाजी, खेमराज कोठारे जीजाजी, उनके नाते, रिश्तेदार, ईष्ट मित्र, आर्यन ग्रुप लांजी, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के द्वारा जय हिन्द, जय भारत, जय हिन्द की सेना, भारत माता के जयघोष के साथ फूल माला पहनाकर हवलदार गोवेन्द्र का स्वागत वंदन किया गया।

उसके पश्चात ढोल नगाड़ो गाजे बाजे के साथ यह स्वागत रैली नगर के सुभाष चौक से भिलाई रोड़ होते हुये हवलदार गोवेन्द्र के निवास पंहुची जहां नाचते गाते झुमते हुये सभी इस महत्वपूर्ण पल का हिस्सा बने, कार्यक्रम के अंत में हवलदार गोवेन्द्र के निवास स्थल पर एक स्वागत भोज का प्रबंध किया गया था। सभी उपस्थित जनो ने हवलदार गोवेन्द्र स्वागत सत्कार कर सफलतम 22 वर्ष के लिये शुभकामनाऐं प्रेषित की। अंत मे हवलदार गोवेन्द्र ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा करना उनके लिये गर्व की बात रही है और वे हमशा देश सेवा के लिये तत्पर रहेंगे। उन्होने युवाओ से भी सेना में भर्ती होकर राष्ट्र ।सेवा का आव्हान किया।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी किया 5 दिवसीय मौसम पूर्वानुमान..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433



जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केन्द्र***

बड़गांव को प्राप्त मध्यम श्रेणी के 5 दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 3 से 7 अप्रैल 2026 के बीच आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की संभावना है, जिससे तेज हवाएं चल सकती हैं।

इसके साथ ही अधिकतम तापमान 34.2 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18.4 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वायुमंडलीय नमी की बात करें तो सुबह के समय 53 से 67 प्रतिशत तथा दोपहर में 34 से 44 प्रतिशत तक नमी रहने की संभावना है। वहीं सामान्य दिनों में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पूर्व की ओर रहने के साथ गति लगभग 3 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र बालाघाट ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए फसलों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय अपनाएं तथा आंधी-तूफान के दौरान सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए प्रशासन एवं कृषि विभाग ने किसानों और आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है।

## किरनापुर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्मोत्सव..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***स्थानीय संकट मोचन हनुमान मंदिर पुराने बाड़े में श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।***

कल्याणी महिला मंडल किरनापुर से नलिनी शुक्ल द्वारा हिंदू वैदिक धर्मानुसार पूजा अर्चन किया गया। इस दौरान संकट मोचन मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। जन्मोत्सव के अवसर भगवान हनुमान का विधि-विधान से अभिषेक कर सिंदूर अर्पण और विशेष श्रृंगार किया गया।

भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदर काण्ड और हनुमान चालीसा का वाचन किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। शाम को विशेष आरती आयोजित की गई, श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान को चूरमा और लड्डू का विशेष भोग लगाया गया। पूजा-अर्चन किया गया भक्तों की उमड़ी भीड़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर संकट मोचन दरबार पहुँचे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह रहा दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा।

ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 02/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 06/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती महेशवरी कावरे | उपसरपंच भूपेंद्र कुंभारे | सचिव तुलसी सिल्हारे

सहा. सचिव -श्रीमती उषा सिरसाज एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

### प्रेम विवाह करने वाली नवविवाहिता की संदिग्ध मौत..



जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत का मामला सामने आया है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। महज दो माह पूर्व प्रेम विवाह करने वाली 20 वर्षीय आंचल गजबे का शव 2 अप्रैल की सुबह लगभग 11 बजे उसके ससुराल ग्राम पौनी में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंचल गजबे ने 2 फरवरी 2026 को दुर्गेश गजबे के साथ प्रेम विवाह किया था। युवती का मायका लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोटी घुसमारा में है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतका का पीएम बीएमओ डॉ. अक्षय उपराड़े एवं डॉ. रजनी शेंडे द्वारा किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस थाना में तहरीर भी पहुंचा दी थी। पोस्टमार्टम के पूर्व अस्पताल परिसर में ग्राम घोटी घुसमारा से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही, जिससे कुछ समय के लिए गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। वहीं मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी भी अस्पताल पहुंचे और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई। पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 10/2026 कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मायके पक्ष द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के चलते पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

## भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना कर कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन





जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों ने 1 अप्रैल को महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार लांजी को ज्ञापन सौंपकर केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी***

(भाजपा) सरकारों की नीतियों की जमकर आलोचना की। ज्ञापन में रसोई गैस (एलपीजी), बिजली बिल, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों तथा इनकी किल्लत के कारण हो रही कालाबाजारी का मुद्दा उठाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने आम जनता पर पड़ रहे महंगाई के बोझ को असहनीय बताते हुए सभी बढ़ी हुई दरों में तत्काल कमी करने और जनता को राहत देने की मांग की है। ज्ञापन तहसीलदार लांजी के माध्यम से मध्य प्रदेश राज्यपाल को भेजा गया। ज्ञापन में स्पष्ट लिखा गया है कि वर्तमान समय में केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है और गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध भी नहीं हो पा रहे हैं।

इससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही सामान्य बिजली बिलों में मनमाना बढ़ोत्तरी की गई है। पेट्रोल और डीजल की कमी का हवाला देकर भी प्रदेश में कालाबाजारी फैलाई जा रही है। आमजन के भोजन (खाद्य) सामग्री पर भी दरें बढ़ाकर महंगा बिकवाया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन सभी कारणों से प्रदेश की जनता बेहद त्रस्त है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और उपलब्धता की कमी से कालाबाजारी को प्रोत्साहन।बिजली बिलों में मनमानी बढ़ोत्तरी।पेट्रोल-डीजल की किल्लत और इससे जुड़ी कालाबाजारी।खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों से आम आदमी का भोजन भी महंगा हो गया। का उल्लेख किया है। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में राज्यपाल से अपील की है कि वे केंद्र और राज्य सरकार पर दबाव बनाकर सभी बढ़ी हुई दरों में तुरंत कमी करें तथा आम जनता को राहत प्रदान करें। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से देवेंद्र खोंगल अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत लांजी, प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी लांजी, रेवाजी कराहटकरे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ऋषि पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला, मनीष जुझार अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस लांजी, सौरभ मोनू पशीने, ललीत कबीरे अध्यक्ष सरपंच संघ, अशोक पालीवाल, दिनेश लाड़े, ओमकार बाबा रहांगडाले, अमन श्रीवास्तव, राजू मेंढे, लिखेन्द्र उपराड़े, शरद आसटकर, लीलाधर डोलस, सैयद अरसद खान, गणेश बागड़े, राजू मस्करे, राधेश्याम नखाते, अजीत नगपुरे, योगदास नगपुरे, गुरदास लिल्हारे, रामेश्वर बिल्थरे, अरूण गिरिया, दयाराम भगत, विजय रामटेककर, नीरज सेन, नरेश चौहान, आदर्श ठाकरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

ज्ञापन में सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि महंगाई की इस मार से गांव-कस्बे की आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। खासकर महिलाएं, किसान और छोटे व्यापारी इसकी चपेट में हैं।

ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 02/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 06/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती अमृता बाहे | उपसरपंच देवेंद्र शिवाले | सचिव गोवर्धन लिल्हारे

सहा. सचिव - मंजुदेवी बाहे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत कोस्ते जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 02/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 06/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती श्यामबत्ती बाई मेश्राम | उपसरपंच श्रीमती तारावंती बाई खरे | सचिव अविनाश मते

सहा. सचिव - रामचंद खरे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कोस्ते जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## नक्सलवाद का अंत,रेडकॉरिडोर का सपना चकनाचूर-क़्या अब भ्रष्टाचार व नशा मुक्ति क़े अंत क़ी अगली ऐतिहासिक डेडलाइन का समय आ गया है? -भारतीय जनता के हर वर्ग की अपेक्षा -समग्र विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर भारत के समकालीन राजनीतिक और प्रशासनिक विमर्श में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहे नक्सलवाद के लगभग अंत की घोषणा के साथ अब राष्ट्रीय एजेंडा एक नए लक्ष्य की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है,भ्रष्टाचार मुक्त भारत। यह केवल एक नारा या राजनीतिक संकल्प नहीं, बल्कि शासन-प्रणाली, विकास मॉडल और लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की परीक्षा है। जिस प्रकार नक्सल मुक्त भारत के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित कर व्यापक रणनीति के साथ कार्य किया गया,उसी प्रकार अब यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ भी एक ठोस डेडलाइन तय की जानी चाहिए?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा कि,अब भारतीय नक्सलवाद क़ा अध्याय लगभग समाप्ति की ओर है,तो स्वाभाविक रूप से ध्यान देश की दूसरी बड़ी समस्या भ्रष्टाचार की ओर जा रहा है।भ्रष्टाचार जो न केवल आर्थिक संसाधनों की बर्बादी करता है,बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है,आज विकास की राह में सबसे बड़ा अवरोध बन चुका है। सरकारी योजनाओं का लाभ अक्सर अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता, क्योंकि बीच में बिचौलियों और भ्रष्ट अधिकारियों का एक जाल सक्रिय रहता है। ऐसे में यह विचार तेजी से उभर रहा है कि जैसे नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई, वैसे ही भ्रष्टाचार के खिलाफ भी एक सख्त और समयबद्ध रणनीति बनाई जानी चाहिए।सरकारी पैसा सीधे जनता की जेब में यह विचार केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुधार का एक महत्वपूर्णसिद्धांत है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी योजनाओं ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे लाखों लोगों को बिना किसी बिचौलिए के सीधे लाभ मिला है। लेकिन इसके बावजूद भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।फाइलों को जानबूझकर अटकाना, रिश्वत की मांग करना और जांच प्रक्रियाओं को लंबित रखना सबसे बड़ी बात ऊपरी लेवल तक ठेको सहित अन्य करों में 40-50 परसेंट का लेनदेन आज भी आम समस्याएं हैं। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए स्पष्ट समय- सीमा तय की जाए और उसमें देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल कानून और दंड तक सीमित नहीं हो सकती इसको समझने की करें तो, इसके लिए एक व्यापक संस्थागत ढांचे की आवश्यकता है,जिसमें पारदर्शिता,जवाबदेही और नागरिक भागीदारी को प्राथमिकता दी जाए।

शिकायतकर्ताओं को सुरक्षा और त्वरित न्याय का भरोसा देना भी इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अक्सर देखा गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाने वाले लोगों को ही प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, जिससे अन्य लोग आगे आने से डरते हैं। यदि इस भय को समाप्त नहीं किया गया, तो भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई भी अभियान अधूरा रहेगा।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देखा जाए तो जिन देशों ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण पाया है,उन्होंने सख्त कानूनों के साथ- साथ तकनीकी नवाचार और संस्थागत सुधारों को अपनाया है।सिंगापुर और स्कैंडिनेवियाई देशों के उदाहरण इस संदर्भ में उल्लेखनीय हैं, जहां पारदर्शिता और जवाबदेही को शासन की आधारशिला बनाया गया है। भारत में भी डिजिटल इंडिया, आधार और ई-गवर्नेंस जैसी पहलें इस दिशा में सकारात्मक कदम हैं, लेकिन इनका पूर्ण लाभ तभी मिलेगा जब इन्हें एक व्यापक रणनीति के तहत लागू किया जाए।यह भी महत्वपूर्ण है कि भ्रष्टाचार को केवल एक प्रशासनिक समस्या के रूप में न देखा जाए, बल्कि इसे एक सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौती के रूप में भी समझा जाए। जब तक समाज में जुगाड़ और काम निकालने की मानसिकता बनी रहेगी, तब तक भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।जनता की अपेक्षाएं भी अब बदल रही हैं। लोग केवल घोषणाओं से संतुष्ट नहीं हैं, बल्कि वे परिणाम देखना चाहते हैं। नक्सलवाद के खिलाफसफलता ने यह विश्वास पैदा किया है कि यदि सरकार ठान ले, तो बड़ी से बड़ी चुनौती का समाधान संभव है। यही विश्वास अब भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई में भी दिखाई दे रहा है।

साथियों बात अगर हम नक्सलवाद समाप्ति टारगेट 31 मार्च 2026 की करें तो भारत में नक्सलवाद का इतिहास 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से शुरू हुआ, जब एक छोटे किसान आंदोलन ने हिंसक विद्रोह का रूप ले लिया। प्रारंभ में यह आंदोलन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के खिलाफआवाज उठाने का माध्यम था, लेकिन समय के साथ यह देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन गया। करीब छह दशकों तक चले इस संघर्ष में हजारों लोगों की जान गई, जिनमें सुरक्षा बलों के जवान और आम नागरिक दोनों शामिल थे। लेकिन 2024 में एक निर्णायक मोड़ आया, जब देश के गृह मंत्री ने नक्सलवाद के अंत के लिए 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की। इसके बाद सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों ने रेड कॉरिडोर के विस्तार को तेजी से सीमित कर दिया। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाए गए, नक्सली नेतृत्व को कमजोर किया गया और हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। बस्तर जैसे क्षेत्र, जो कभी नक्सल गतिविधियों के गढ़ माने जाते थे, वहां अब स्कूल, सड़कें और राशन की दुकानें खुलने लगी हैं। यह परिवर्तन केवल सुरक्षा की दृष्टि से नहीं, बल्किसामाजिक और आर्थिक विकास के संकेत के रूप में भी महत्वपूर्ण है।हालांकि, इस उपलब्धि पर राजनीतिक मतभेद भी सामने आए हैं। जहां एक ओर सरकार इसे ऐतिहासिक सफलता के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष ने इस दावे पर सवाल उठाए हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा इस मुद्दे पर बहस की चुनौती यह दर्शाती है कि नक्सलवाद का पूर्ण अंत अभी भी एक बहस का विषय है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि नक्सलवाद का प्रभाव पहले की तुलना में काफी कम हुआ है और देश ने इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

साथियों बात अगर हम नक्सलवाद और भ्रष्टाचार के बीच एक महत्वपूर्ण समानता को समझने की करें तो वह यह है कि दोनों ही विकास और सुशासन के लिए बाधक हैं। जहां नक्सलवाद ने देश के कुछ हिस्सों को विकास की मुख्यधारा से अलग कर दिया, वहीं भ्रष्टाचार ने पूरे देश में संसाधनों के न्यायसंगत वितरण को प्रभावित किया। इसलिए यदि नक्सलवाद के अंत को एक नई आज़ादी के रूप में देखा जा रहा है, तो भ्रष्टाचार से मुक्ति को वास्तविक आज़ादी की दिशा में अगला कदम माना जा सकता है।अब सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ भी एक निश्चित डेडलाइन तय की जा सकती है? यह एक जटिल प्रश्न है, क्योंकि नक्सलवाद की तरह यह एक स्पष्ट और सीमित क्षेत्र में फैली समस्या नहीं है। यह समाज और व्यवस्था के हर स्तर पर मौजूद है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इसके खिलाफ ठोस और समयबद्ध कार्रवाई संभव नहीं है। यदि स्पष्ट लक्ष्यों, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी कार्यान्वयन के साथ एक रणनीति बनाई जाए, तो निश्चित रूप से इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की जा सकती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि नक्सल मुक्त भारत से भ्रष्टाचार मुक्त भारत की यात्रा केवल एक नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय परिवर्तन का संकेत है। यह यात्रा आसान नहीं होगी, लेकिन यदि इसे सही दिशा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाया जाए, तो यह भारत को एक नए युग में प्रवेश कराने का माध्यम बन सकती है एक ऐसा युग जहां विकास समावेशी हो, शासन पारदर्शी हो और नागरिकों का विश्वास अटूट हो।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## सबसे बढ़कर श्रम है

सबसे बढ़कर श्रम है
अब तो मान लो
मंदिर-मस्जिद भ्रम
है अब तो मान लो।

प्यार, मानवता और
भाईचारा से श्रेष्ठ
नही कोई यहां धर्म है
अब तो मान लो।

इंसान हो जानवर हो
या हो जीव कोई
महत्व रखता मर्म है
अब तो मान लो।

बंद भी करो ये ऊंच-
नीच, जात-पात
महान बनाते कर्म है
अब तो मान लो।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## बदली छाई है तो बरसात होगी..

बदली छाई है तो बरसात होगी,
प्रेम गीत की शुरुआत भी होगी।

आज मुझसे वो रूठा है तो क्या ?
कल हमसे प्रेम की बात भी होगी।

आप साथ-साथ जो चलेंगे हमारे,
बहारों की हँसी सौगात भी होगी।

यूँ ग़म में उदास न बैठो हमदम,
खुशियों से मुलाक़ात भी होगी।

उजाला ठोकरों से घबराते नहीं हैं,
यही सफ़लता की सौग़ात भी होगी।

अनिल कसेर 'उजाला'

## अंत हो रहा...?

मानव तो जीवित हैं जग में
मानवता का अंत हो रहा।
परिवर्तन
कैसा परिवर्तन
दिग- दिगन्त हो रहा।
सूख जाते
आंखों में आंसू
नहीं पोंछने वाला कोई।
नहीं पूछता कोई किसीसे
क्यों तेरी आंखें हैं रोई।
लगता है अब ऐसे
जैसे इस कलयुग का
अंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् दिगन्त हो रहा।।


मानव आज
स्वयं मानव का
क्यों जाने
दुश्मन बन बैठा
हाड़ मास भी
नहीं बचेगा
फ़िर भी रहता
ऐंठा- ऐंठा।
घर का भेदी
लंका ढाए
चरितार्थ,कंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् दिगन्त हो रहा।।

दुख अब होता
नहीं किसी का
दुख में केवल
अपनापन है।
सुख में चिंता
नहीं किसी की
भौतिक, दैहिक
पागलपन है।

हर द्वारे पर
विनाश की दस्तक
और विकास
अनंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् - दिगन्त हो रहा।।

शशि तिवारी

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 85



ck;s ls nk;s & 1) बहुजन समाजवादी पार्टी के संस्थापक 4) विजयादशमी 5) एक जानलेवा बिमारी 9) किसी व्यक्ति को फिरौती के खातिर भगा कर ले जाना 12) अस्थिर 13) पूजा कार्य में प्रयुक्त होनवाला घड़ा 14) जंग लगे लोहे के वस्तु से चोट लगने पर लगाया जानेवाला टीका या इन्जेक्शन 15) निजी 16) दो मील लंबाई की दूरी सुचक पुराना परिमाण 17) हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होनेवाली एक फिल्मी पत्रिका 20) प्राप्त करना 21) ..... टंड़न, फिल्मों से संन्यास ले चुकी एक अभिनेत्री 23) युद्ध 25) सौदा करनेवाला मध्यस्थ 26) एक वनस्पति जिसका तेल निकाला जाता है 27) विष्णु भगवान ने नृसिंह अवतार ले कर इसका वध किया था 28) तारण या निवारण करनेवाला 29) एक पुराने प्रसिद्ध गझलकार 31) मराठी भाषा में बारात 34) अंगुठी में जड़ा जानेवाला बहुमूल्य रत्न 36) दोस्त, मित्र 38) योद्धा 40) जनता 42) मिठा, शहद 43) सह, साथ 44) मद्यालय 46) खाना बनाने का वह उपकरण जिसमें तलकर व्यंजन तैयार किये जाते है 48) द्वाररक्षक 50) बाकी बचा हुआ रुपया पैसा, शेष 51) शासक 52) 'कर्ण' का अपभ्रंश रुप 54) पूर्णतः भारत में बने हुये एक रणगाडाविरोधी क्षेपणास्त्र का नाम, सर्प 55) सम्मान 56) एक द्विदल अनाज 57) छाछ 58) त्रुटि, न्यूनता 60) विमान 61) आत्मा 62) धनुष्यबाण 63) सिंधीयों में पाया जानेवाला एक कुल नाम, इस कुल नामवाले एक संत भी हो गये है 66) बुरी आदत 68) अंग्रेजी में रंग 70) गावों में नियुक्त वह पुलिस कर्मचारी जो सूचनाएं आदि देता है 72) पराजय 73) धधकना, भड़कना 75) जिसका कोई घर, ठौर ठिकाना न हो, घुमक्कड़ 79) छोटा कीड़ा जो अन्न, लकड़ी आदि में लगता है 80) जनरव 81) मनुष्य का खून चुसनेवाला एक जन्तु 82) एक रत्न 84) फिलिपाईन्स् की राजधानी 86) वकालत जिसका पेशा है वह 87) बारह राशियों में से एक 88) पुराना 90) उपस्थित 92) अमीर - उमराव के साथ जानेवाले नौकर, सामान, गाड़ी आदि 93) श्रीगणेशजी का एक नाम 95) नाके पर शहर प्रवेश करनेवाले वाहनों की पुलिसद्वारा की गयी जांच 97) महादेव, पारद 99) अकेला 101) मृत्यु 102) मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के किनारे बसा एक बड़ा शहर 103) धारण करना, परिधान करना 104) रखवाली 105) पराजय स्वीकार करना

Åij ls uhps & 1) नेपाल और सिक्कीम के बीच स्थित हिमालय की एक चोटी 2) चरित्र 3) उद्देश्य 4) गणित में भिन्न का एक भेद जिसके हर में दस या उसका कोई घात होता है 5) अंग्रेजी में दातों का डॉक्टर 6) दल, समूह 7) जुलाहा, कपड़ा बुननेवाला 8) विशेष 9) अपनत्व 10) आम का शरबत 11) श्रीरामजी का एक नाम 15) जरुर 18) विष्णु पत्नी 19) खाने के बाद मुंह से अचानक निकलनेवाली आवाज 20) निर्मल चरित्रवाली (स्त्री) 21) प्रस्थित 22) अनुनय करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 24) छोटी गली, तंग या संकीर्ण मार्ग 27) महाराष्ट्र के नागपुर शहर से प्रकाशित एक अंग्रेजी समाचार पत्र 30) बलपूर्वक 32) पतला लसदार थूक 33) किसी पदार्थ के तड़क के साथ टूटने का शब्द 35) फिल्मों के लिए गीतों की रचना करनेवाला 37) टालमटोल करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 39) कचरा, गंदगी 41) मृत्यु होना 44) लज्जाजनक 45) क्षार, नमक 47) हीरा 49) बगीचे में काम करना 50) देह, तन 53) नाक में डाली जानेवाली तंबाखू की बुकनी 55) विदेश से आया हुआ (माल आदि) 56) धीरे धीरे टहलना 59) द्रव, स्वाद 62) नदी का छोर 64) भाफ 65) कामदेव 67) पेड़ का धड़ 69) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु के चारों ओर घुमाकर बांधना 70) संग्रह 71) संबंध 72) मनुष्य 74) वायु, पवन 75) चमड़ी 76) कॉपी,, लिखने की पुस्तिका 77) वह स्थान जहां से दो और मार्ग जाते है 78) पुराने जमाने के जानेमाने हास्य कलाकार 80) जल क्रीड़ा 81) मध्य प्रदेश का एक दर्शनीय पर्यटन स्थल 83) 'दर्शन' का अपभ्रंश रुप 84) भारत की दक्षिण की ओर का एक पर्वत 85) लज्जा, शरम 89) जिसके पैर बंधे हो, पालन करनेवाला 91) न्यायालय में वकिलोंद्वारा गवाहों से की जानेवाली पूछताछ 94) एक देश या संगीत का एक राग 95) नागालैंड की एक प्रमुख जाति 96) मक्के का एक प्रसिद्ध मसजिद 98) विविध 100) स्नान कर (जबाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

यदि आप दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करें..





# भारत ने बिली जीन किंग कप की तैयारी शुरू की, लक्ष्य एक बार फिर प्ले ऑफ में जगह बनाना..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत ने राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले आगामी बिली जीन किंग कप एशिया/ओसियाना ग्रुप एक टेनिस टूर्नामेंट के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और कप्तान विशाल उप्पल ने एक संतुलित टीम पर भरोसा जताया है जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवाओं का अच्छा मिश्रण है।***

टीम इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली में एकत्रित हुई जिससे कि सात से 11 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट से पहले यहां की परिस्थितियों से तालमेल बैठा सके। उप्पल ने समय से तैयारी करने के महत्व पर जोर दिया। उप्पल ने 'पीटीआई वीडियोज' से कहा, ''हम अभी-अभी दिल्ली पहुंचे हैं... और सात अप्रैल को हम कोर्ट में उतरकर भारत के लिए चुनौती पेश करने को तैयार रहेंगे। हमें पूरी उम्मीद है कि दिल्ली के लोग बड़ी संख्या में आकर भरतीय टीम का समर्थन करेंगे।'

भारत पिछले साल प्ले ऑफ में पहुंचा था लेकिन उससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा। पिछले साल के अभियान को याद करते हुए उप्पल ने सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'टेनिस व्यक्तिगत खेल है लेकिन यहां यह एक टीम प्रयास होना चाहिए। इस साल हम सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी और हर दिन पूरी लगन और मेहनत से खेलना होगा।'

भारत के हाल के प्रदर्शन में महिला टेनिस में लगातार हो रही प्रगति साफ नजर आती है। 2020 से पहले 42 साल तक कोई सफलता नहीं मिलने के बाद पिछले छह साल में टीम दो बार विश्व ग्रुप प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।



टीम में कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं जिनमें पदार्पण कर रहीं वैष्णवी अडकर भी हैं। उन्होंने 2025-26 सत्र में घरेलू सर्किट में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। उन्होंने कई आईटीएफ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है और रैंकिंग में लगातार सुधार करते हुए शीर्ष 600 खिलाड़ियों में पहुंच गई हैं। वैष्णवी ने कहा, 'मैं पहली बार टीम का हिस्सा हूं और यह मेरे लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है।' उन्होंने कहा, 'हमने हर दिन दो अभ्यास सत्र किए हैं जिससे कि यहां की परिस्थितियों, कोर्ट और गेंदों से तालमेल बैठा सकें। टीम का मनोबल इस समय बहुत ऊंचा है।'

भारत की तीसरे नंबर की खिलाड़ी वैदेही चौधरी ने 2025-26 सत्र में एक आईटीएफ खिताब जीतने के अलावा कई बार सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे वह डब्ल्यूटीए 450वें स्थान के आसपास हैं। उन्होंने बताया कि टीम का लक्ष्य एक बार फिर प्ले ऑफमें जगह बनाना है। वैदेही ने कहा, 'हमारी टीम हमेशा से मजबूत रही है। हम हर मैच जीतने की कोशिश करेंगे और प्ले ऑफ पहुंचने के लिए अपना पूरा जोर लगा देंगे।'

पिछले साल लीग चोट के बाद वापसी कर रहीं वैदेही की नजरें शीर्ष 300 खिलाड़ियों में जगह बनाने पर टिकी हैं जिससे कि ग्रैंडस्लैम के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में खेल सकें। चोट की चिंताओं के बाद युगल पर ध्यान देने वाली अनुभवी खिलाड़ी ऋतुजा भोसले ने 2025-26 सत्र में दो आईटीएफ युगल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भी टीम के इरादों को दोहराया।

ऋतुजा ने कहा, 'पिछले छह महीने बहुत मुश्किल थे। हमने पूरी तरह से युगल पर ध्यान देने का फैसला किया क्योंकि यह मेरे शरीर के लिए अधिक सही था। लेकिन युगल में भी देश का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है।' सहजा यमलापल्ली ने 2025-26 सत्र में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। उन्होंने टीम की एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यह बहुत ही प्रेरणादायक है। हमने पिछले साल प्ले ऑफ में खेलने का अनुभव हासिल किया। हम प्रत्येक अंक के लिए लड़ने और उसी जोश को फिर से वापस लाने के लिए तैयार हैं।' टीम में अनुभवी खिलाड़ी अंकिता रैना और उभरती हुई खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदीपति भी शामिल हैं।

# जेल काटी और खूब मलालत झेली, फिर भी राजपाल यादव का नहीं सुलझा चैक बाउंस का विवाद, दिल्ली हाईकोर्ट ने सुरक्षित किया फैसला..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड एक्टर और कॉमेडियन राजपाल यादव बीते दिनों जेल में भी सजा काट चुके हैं। करोड़ो रुपयों के चैक बाउंस मामले में उलझे राजपाल यादव को अभी भी इस मामले से निजात नहीं मिल पा रहा है। आज दिल्ली हाईकोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी।***

जिसमें दोनों पक्षों के बाद कोई समझौता नहीं हो पाया है। जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। वहीं राजपाल यादव का कहना है कि उन्हें कोर्ट का हर आदेश मान्य है।

## क्या है पूरा मामला?

ये पूरा मामला करीब 15 साल पुराना है और साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़ा है। इस फिल्म को राजपाल यादव ने खुद डायरेक्ट किया था और इसके लिए 5 करोड़ रुपयों का लोन मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से लिया था। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर महाफ्लॉप साबित हुई थी और जिसके चलते राजपाल यादव को तगड़ा घाटा लगा। घाटे के बाद राजपाल यादव ने अपना कर्ज उतारने के लिए करीब 7 चैक दिए जिनमें से कई चैक बाउंस हो गए। इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा और 2018 में कोर्ट ने राजपाल को धारा 138 के तहत दोषी करार दिया। इसके बाद इसी साल फरवरी के महीने में राजपाल को तिहाड़ जेल में सरेंडर करना पड़ा था और यहां कुछ दिनों तक रहने के बाद राजपाल जमानत पर बाहर आ गए थे। जेल से बाहर आते ही राजपाल अपनी भतीजी की शादी अटैंड करने अपने गांव पहुंचे थे।



## जेल काटने के बाद भी नहीं सुलझा विवाद..

वहीं इस मामले पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई है और दोनों ही पक्षों के बीच समझौते की कोशिश की गई थी। हालांकि दोनों पक्षों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पा रही है और मामला अभी भी सुलझा नहीं है। जेल में कई दिल बिताने के बाद राजपाल यादव के लिए ये मामला गले की फांस बनता जा रहा है। अब कोर्ट ने इस मामले को लेकर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है।

वहीं राजपाल इस मामले के साथ फिल्मी दुनिया में वापस लौट आए हैं और एक बार फिर फिल्मों की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बीते दिनों भूत बंगला के सेट से राजपाल यादव ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।

# बहुत हुई फूहड़ता और भद्दापन, हनी सिंह और बादशाह को दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, गानों पर भी लगा दी रोक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और संगीत स्ट्रीमिंग सेवाओं को यो यो हनी सिंह और बादशाह के विवादित गीत 'वॉल्यूम 1' को सभी प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक करने का निर्देश दिया।***



न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने पूर्ण प्रतिबंध का आदेश देते हुए कहा कि गीत के छोटे-छोटे अंश या क्लिप और उसके बोल भी ऑनलाइन कहीं भी उपलब्ध नहीं होने चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि गीत को हर रूप में हटाया जाना चाहिए और कहा कि सोशल मीडिया पर इसकी थोड़ी सी भी मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अदालत ने आगे कहा, 'यह गीत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस भी रूप में उपलब्ध है, उसे हटाना ही होगा, यह स्पष्ट मत है। कोई भी इससे इनकार नहीं कर सकता। हम सोशल मीडिया पर इसकी थोड़ी सी भी मौजूदगी बर्दाश्त नहीं कर सकते।'

## टटीरी गाने को लेकर मचा था बवाल..

बीते दिनों बादशाह का एक गाना रिलीज हुआ था जिसका टाइटल था टटीरी। वैसे तो ये गाना हरियाणा का एक मशहूर फोक सॉन्ग है लेकिन इसे बादशाह ने अपने अंदाज में तोड़ मरोड़कर बनाया था और इसमें अपना म्यूजिक भी घुसाया था। हालांकि जब ये टटीरी गाना रिलीज हुआ तो इसके पिक्चराइजेशन और लिरिक्स को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। महिला आयोग ने भी इस गाने पर संज्ञान लेते हुए इसकी आलोचना की थी। इसके बाद टटीरी गाने को यूट्यूब से हटा दिया गया था।

## स्कूल ड्रेस में लड़कियों को कराया था..

टटीरी गाने में बादशाह ने गंदे लिरिक्स के साथ एक और बड़ी गलती कर दी थी। इस गाने के वीडियो में बादशाह ने स्कूल की ड्रेस में लड़कियों को डांस कराया था। जैसे ही ये गाना रिलीज हुआ तो विवाद खड़ा हो गया और लोगों ने इसको लेकर आपत्ति जताई। इसके बाद विरोध होने लगा और बादशाह को ये गाना डिलीट करना पड़ा था। अब इन्ही बवालों के बीच दिल्ली हाईकोर्ट ने भी हनी सिंह और बादशाह को फूहड़ गानों के लिए जोरदार फटकार लगाई है। साथ ही बादशाह के एक अपकमिंग एल्बम के रिलीज पर भी रोक लगा दी है। साथ ही बादशाह का टटीरी गाना भी हटाया जा चुका है।

# छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल का चैंपियन; सोरेन, रीथुश्री ने जीता दोहरा स्वर्ण...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कप्तान किरण पिसड़ा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने पहले खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (केआईटीजी) में अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में झारखंड को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।***

मेजबान टीम ने जगदलपुर में ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता की पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और पुरुषों की 1500 मीटर में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इसके अलावा, झारखंड के शिव कुमार सोरेन ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 200 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। महिला फुटबॉल टीम ने झारखंड के आक्रामक खेल का सामना करते हुए अपने एकमात्र मौके का भरपूर फायदा उठाया, जब कप्तान पिसड़ा ने 61वें मिनट में डिफेंस की गलती भुनाकर गोल किया और टीम ने बढ़त बनाए रखकर खिताब पर कब्जा जमाया।

जगदलपुर में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन, सोरेन और कर्नाटक की रीथुश्री और नागिनी ने क्रीड़ा परिसर में ट्रैक पर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। सोरेन मंगलवार को खेलों के सबसे तेज एथलीट बने थे। उन्होंने 21.51 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में स्वर्ण पदक हासिल किया।

इसके पहले रीथुश्री ने 25.87 सेकंड के समय के साथ 400 मीटर में जीत हासिल करने के बाद 200 मीटर में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, और फिर नागिनी ने 4:43.87 सेकंड में चार लैप की दौड़ जीतकर महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर में दोहरा स्वर्ण पदक जीता। मेजबान छत्तीसगढ़ ने ओडिशा के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक जीता। ओडिशा ने 3:18.47 सेकंड का समय लिया, जबकि छत्तीसगढ़ की चौकड़ी ने 3:19.26 सेकंड का समय लिया। कांस्य पदक झारखंड (3:19.62 सेकंड) को मिला।



इसके पहले, पुरुषों के 1500 मीटर फाइनल में मनीष कुमार ने 4:01.50 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या में इजाफा किया। स्वर्ण पदक झारखंड के राहुल ओरांव (4:01.18 सेकंड) को मिला, जबकि महाराष्ट्र के कार्तिक करिलहरपाल (4:01.23 सेकंड) ने रजत पदक अपने नाम किया। खेलों के समापन में सिर्फएक दिन शेष रहते हुए, मेजबान छत्तीसगढ़ तीन स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य पदकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गया है। रीथुश्री और नागिनी द्वारा दो स्वर्ण पदकों के साथ कर्नाटक के पदकों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम के पास अब 23 स्वर्ण, आठ रजत और सात कांस्य पदक हो गए हैं।

ओडिशा 20 स्वर्ण, 13 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि झारखंड ने एथलेटिक्स में चार स्वर्ण पदक और तीरंदाजी में एक स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की है और अपने पदकों की संख्या 14 स्वर्ण, सात रजत और 11 कांस्य तक पहुंचा दी है।

झारखंड के लिए तीरंदाजी में स्वर्ण पदक पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन कोमलिका बारी और कृष्णा पिंगुआ ने जीता, जिन्होंने ओडिशा के अर्जुन खारा और मामिताराम को हराकर रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया।

महाराष्ट्र के हर्षवर्धन इंगले ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत खिताब जीता और फिर वैष्णवी परदेशी के साथ जोड़ी बनाकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब भी अपने नाम किया। इसके साथ ही राज्य के पदकों की संख्या बढ़कर छह स्वर्ण, 10 रजत और चार कांस्य पदक हो गई और वह समग्र तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।

# सामने आई सोनम कपूर के लाड़ले की पहली झलक, मौसी ने शेयर की नन्हे मेहमान की तस्वीर, कृति सैनन का बरसा प्यार...

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोनम कपूर ने बीते 29 मार्च को अपने घर नन्हे मेहमान का स्वागत किया है और इन दिनों घर में दूसरे बेटे के जन्म की खुशियां मनाई जा रही हैं। सोनम ने अपने इंस्टाग्राम पर बेटे के जन्म की खुशखबरी शेयर की थी। अब सोनम की बहन रिया कपूर ने बेटे की पहली तस्वीर शेयर की है।***

रिया ने अपने इंस्टाग्राम पर सोनम के बेटे के साथ एक फोटो शेयर कर मौसी बनने की खुशी भी शेयर की है। इस फोटो पर बॉलीवुड सितारों ने खूब प्यार लुटाया है। तस्वीर में रिया आरामदायक एथलीजर कपड़ों में और सुरक्षात्मक फेस मास्क पहने हुए नवजात बेटे को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं।

## फोटो शेयर कर दिखाई खुशी..

रिया ने दूसरी बार मां बनने के लिए अपनी बहन की प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने दिल और भावनात्मक इमोजी का इस्तेमाल करते हुए लिखा, 'आपको बस प्यार चाहिए और सोनम कपूर के मामले में कुछ असाधारण मां की ताकत।' पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सोनम ने लिखा, 'दुनिया की सबसे प्यारी बहन। तुम्हें सबसे ज्यादा प्यार करती हूं।' सोनम और आनंद ने 29 मार्च को एक पोस्ट शेयर कर अपने घर जन्मे बेटे की खबर शेयर की थी। मोर और हिरण जैसे मातृत्व और प्रकृति से प्रेरित विषयों को दर्शाने वाली इस कलाकृति में दंपति और उनके बड़े बेटे वायु की ओर से एक सामूहिक संदेश था। घोषणा में बताया गया कि 2022 में जन्मे वायु अपने छोटे भाई का स्वागत करके अत्यंत प्रसन्न हैं।



## कृति सैनन ने लुटाया प्यार..

रिया और सोनम के सोशल मीडिया पोस्ट पर फिल्मी सितारों ने भी खूब प्यार लुटाया है। जोया अख्तर ने रिया के पोस्ट पर प्यार भरा कमेंट पोस्ट किया। इसके साथ ही कृति ने भी रिया की पोस्ट पर बधाई दी है और प्यार लुटाया। इसके साथ ही नीना गुप्ता समेत तमाम फिल्मी सितारों ने भी रिया की पोस्ट पर कमेंट्स किए हैं। इससे पहले सोनम कपूर के पोस्ट पर भी फिल्मी सितारों ने बधाइयों की बाढ़ ला दी थी। करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर ने दिल वाले इमोजी के साथ शुभकामनाएं दीं। कृति सैनन, फराह खान, सोनाक्षी सिन्हा और नीना गुप्ता सहित अन्य हस्तियों ने भी पूरे परिवार को बधाई दी। 2018 में आनंद आहूजा से शादी करने वाली सोनम कपूर ने नवंबर 2025 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंट होने की खबर साझा की थी।

# गोवा, बंगाल, चंडीगढ़, उत्तराखंड महिला सबजूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गोवा, बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने बृहस्पतिवार को यहां सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने-अपने मैच जीते।***

गोवा ने डिवीजन सी पूल ए के मैच में तेलंगाना को 6-3 से, बंगाल ने डिवीजन बी पूल ए के मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 1-0 से हराया, जबकि चंडीगढ़ ने डिवीजन बी पूल बी के मैच में गुजरात को 12-1 से करारी शिकस्त दी।

डिवीजन बी पूल बी मैच के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6-1 से हराया।

गोवा की कप्तान डेलिना मेंडेस (40वें और 41वें मिनट) और बर्टिला केरकेट्टा (48वें और 52वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि सीमा तिर्की (तीसरे मिनट) और विद्या कुमारी (16वें मिनट) ने भी गोल दागे।



तेलंगाना की ओर से आनंदी महानंद (30वें और 36वें मिनट) और नव्याश्री अकुला (15वें मिनट) ने गोल दागे। बंगाल के लिए कप्तान पूजा कुमारी साव (21वें मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में विजयी गोल दागा। चंडीगढ़ की तरफ से कप्तान काफी (38वें, 46वें, 55वें और 60वें मिनट), अनु (नौवें और 30वें मिनट), आंचल (12वें और 14वें मिनट), नैन्सी कश्यप (13वें और 18वें मिनट), भावना (10वें मिनट) और यास्मीन शर्मा (20वें मिनट) ने गोल दागे। गुजरात के लिए कप्तान नियति परमार (23वें मिनट) ने एकमात्र गोल दागा। उत्तराखंड की ओर से करीना (10वें, 12वें और 17वें मिनट) ने शुरुआती हैट्रिक बनाई, जबकि कप्तान मीनाक्षी (सातवें मिनट), देवयानी जोशी (53वें मिनट) और दीया (60वें मिनट) ने भी गोल दागे। कर्नाटक की ओर से प्रीति नीलाराड्डी (31वें मिनट) एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं।

# कोलावोल के गोल से डाइमंड हार्बर ने रीयल कश्मीर को हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***डाइमंड हार्बर एफसी ने ह्यूगो डियाज और स्थानापन्न खिलाड़ी संडे कोलावोल के दूसरे हाफमें दागे गोल की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां इंडियन फुटबॉल लीग में रीयल कश्मीर एफसी को 2-1 से हराया।***

डियाज ने 55वें मिनट में डाइमंड हार्बर की टीम को बढ़त दिलाई लेकिन जूनियर तराओरे ने 67वें मिनट में मेजबान टीम को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। कोलावोल ने हालांकि 83वें मिनट में हैडर से गोल दागकर डाइमंड हार्बर की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से डाइमंड हार्बर एफसी की टीम छह मैच में 13 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रीयल कश्मीर की टीम दो अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष के प्रभाव से निर्यातकों को राहत देने को कई उपायों की घोषणाः डीजीएफटी



नई दिल्ली, (भाषा)।
***खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के प्रभाव से निर्यातकों को राहत देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं। खाड़ी क्षेत्र भारत के रत्न और आभूषण, चावल और औषधि जैसी वस्तुओं के निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है,***

जिनका मूल्य 2024-25 में लगभग 57 अरब अमेरिकी डॉलर था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह कहा। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों के प्रभावों पर विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के संवाददाता सम्मेलन में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) लव अग्रवाल ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय युद्ध जोखिम को लेकर बीमा वृद्धि और व्यापार वित्त संबंधी मुद्दों पर बीमा कंपनियों और बैंकों के साथ बातचीत कर रहा है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मंत्रालय तनाव के बदलते स्वरूप को समझने और समस्याओं के समाधान के लिए व्यवस्था विकसित करने को लेकर निर्यातकों के साथ नियमित रूप से बैठकें कर रहा है।

अग्रवाल ने कहा कि इस संघर्ष से खाड़ी क्षेत्र में वस्तु निर्यात करने वाले निर्यातकों के लिए चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। भारत का खाड़ी क्षेत्र के साथ 2024-25 में 178 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार था (जिसमें 56.87 अरब डॉलर का निर्यात और 121.67 अरब डॉलर का आयात शामिल था)।

जिन प्रमुख क्षेत्रों पर दबाव है उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और प्लास्टिक, इंजीनियरिंग सामान, चावल, औषधि और रत्न एवं आभूषण शामिल हैं।

इस क्षेत्र के छह देश संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान, बहरीन, कतर और कुवैत हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र बासमती चावल, समुद्री उत्पादों और ताजे कृषि उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। ताजे फलों और सब्जियों के परिवहन के लिए हवाई और समुद्री माल ढुलाई लागत में भारी वृद्धि हुई है।

अग्रवाल ने कहा कि प्रमुख बाजारों के लिए भुगतान चैनल दबाव में आ सकते हैं और इससे खाद्य एवं कृषि क्षेत्र के सामानों के लिए ऋण चक्र भी प्रभावित हो सकता है।

रत्न एवं आभूषणों के लिए, विदेश व्यापार महानिदेशक ने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) एक प्रमुख निर्यात बाजार और स्रोत केंद्र दोनों है। सोने के आभूषणों का निर्यात दबाव में है, जबकि जीसीसी से सोने की छड़ों और कच्चे हीरों के आयात में भी समस्या आ रही है।

डीजीएफटी के अनुसार, विनिर्माण संकुलों में एलपीजी की कमी धातु पिघलाने और रत्न प्रसंस्करण को प्रभावित कर रही है।

जहाजों के मार्ग परिवर्तन से परिवहन लागत बढ़ रही है और पोत परिवहन कंपनियों ने युद्ध जोखिम अधिभार लागू कर दिया है। इससे इस क्षेत्र में इंजीनियरिंग निर्यात प्रभावित हो रहा है।

फाउंड्री, फोर्जिंग और मशीनिंग इकाइयों के लिए एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जबकि एल्युमीनियम की आपूर्ति भी बाधित हुई है, क्योंकि खाड़ी स्थित प्रमुख बंदरगाहों ने इंजीनियरिंग सामानों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है।

इसी तरह, महत्वपूर्ण औषधि सामग्री भी प्रभावित हुई है और लघु एवं मध्यम उद्यम कच्चे माल के संकट का सामना कर रहे हैं।

अग्रवाल ने कहा कि निर्यातकों की मदद के लिए, वाणिज्य मंत्रालय ने दो मार्च को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन और समन्वय करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है।

उन्होंने बताया कि समूह अब तक 20 बैठकें कर चुका है और प्रभावित क्षेत्र में भारत से जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए एक विशेष उप-समूह का गठन किया गया है।

# कमज़ोर वैश्विक रुख के कारण चांदी 9,000 रुपये लुढ़की, सोना 3,500 रुपये टूटा



नई दिल्ली, (भाषा)।
***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफ़ा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई। चांदी की कीमत 9,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि घरेलू***

बाज़ार में सुस्ती के माहौल के बीच सोना 3,500 रुपये टूटकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 9,000 रुपये, या 3.66 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले बंद भाव 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम से लुढ़ककर 2,37,000 रुपये (सभी करों सहित) रह गई।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 3,500 रुपये, या 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई। यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहुप्रतीक्षित संबोधन से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के संबंध में बहुत कम स्पष्टता मिल पाई।'' ट्रंप ने कहा कि युद्ध के संबंध में अमेरिका के मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने के करीब हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने ईरान को अगले 2-3 सप्ताह में संभावित सैन्य हमलों की चेतावनी भी दी। गांधी ने कहा कि इससे संघर्ष के और बढ़ने का डर बढ़ गया है, जिससे इसके जल्द समाधान की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं और होर्मुज़ जलडमरूमध्य से ऊर्जा प्रवाह में होने वाली बाधाएं और लंबे समय तक जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में, हाज़िर चांदी 5.49 डॉलर, या 7.32 प्रतिशत टूटकर 69.57 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 166.79 डॉलर या 3.51 प्रतिशत टूटकर 4,591.52 डॉलर प्रति औंस रह गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि बृहस्पतिवार को हाज़िर सोने में पिछले तीन सत्रों से जारी तेज़ी का सिलसिला थम गया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की इस चेतावनी के बाद कि अगले दो-तीन हफ़्तों में ईरान पर ज़ोरदार हमला किया जाएगा, कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर उछाल आ गया है। उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों के बाद, डॉलर 0.5 प्रतिशत मज़बूत होकर 99-100 के स्तर पर बना रहा, जिससे विदेशी व्यापार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ गया।

सिंह ने कहा, ''कारोबारियों का ध्यान शुक्रवार को जारी होने वाली अमेरिकी 'गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट' पर रहेगा। अगर यह रोजगार रिपोर्ट मज़बूत रही, तो सोमवार को सोने की कीमतों पर नीचे की ओर दबाव और बढ़ जाएगा, क्योंकि शुक्रवार को 'गुड फ़्राइडे' के कारण बाज़ार बंद रहेंगे।''

# रिफाइनरी पेट्रोरसायन उद्योग को प्रोपिलीन के कुछ हिस्से की आपूर्ति करेंः मंत्रालय..



नई दिल्ली, (भाषा)।
***सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर (एलपीजी) की आपूर्ति बढ़ाने के लिए पहले सख्त किए गए प्रावधानों में बृहस्पतिवार को ढील देते हुए रिफाइनरियों को निर्देश दिया कि वे पेट्रोरसायन उद्योग को प्रोपिलीन की सीमित आपूर्ति दोबारा शुरू करें।***

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब एलपीजी उत्पादन को प्राथमिकता देने की वजह से प्लास्टिक, पैकेजिंग से लेकर कंडोम उत्पादन जैसे कई उद्योगों में कच्चे माल की कमी की स्थिति पैदा होने लगी थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां एक अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते भारत की एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने के बाद नौ मार्च को सभी रिफाइनरियों और पेट्रोरसायन इकाइयों को एलपीजी उत्पादन तेज करने का निर्देश दिया गया था।

इसके लिए सरकार ने कहा था कि रिफाइनरी प्रोपेन, ब्यूटेन एवं प्रोपिलीन की समूची उत्पादित मात्रा का इस्तेमाल एलपीजी उत्पादन में करें और इनकी आपूर्ति केवल सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को करें।

शर्मा ने कहा, ''लेकिन कुछ अन्य क्षेत्रों को भी इन कच्चे रसायनों की जरूरत होती है, और इसी कारण यह निर्णय लिया गया है।''

असल में, सरकार के पिछले निर्देश की वजह से पेट्रोरसायन उद्योग को मिलने वाला प्रोपिलीन लगभग बंद हो गया था, जिससे प्लास्टिक और पैकेजिंग सामग्री का उत्पादन प्रभावित हुआ। कच्चे माल की कमी का असर खाद्य एवं पेय उद्योग, एफएमसीजी क्षेत्र और कंडोम उद्योग तक देखने को मिला। अब सरकार ने स्थिति की समीक्षा के बाद रिफाइनरियों को निर्देश दिया है कि वे प्रोपिलीन का एक हिस्सा पेट्रोरसायन उद्योग को भी आवंटित करें। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्रालय की वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये होती है। लेकिन ईरान संकट के कारण इस समुद्री मार्ग में व्यवधान होने से आयातित एलपीजी पर दबाव बढ़ा और घरेलू उत्पादन को अधिकतम करना पड़ा।

अधिकारियों के अनुसार, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आवंटन पहले 20 प्रतिशत तक सीमित किया गया था, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत और अब 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें 10 प्रतिशत हिस्सा पाइप से रसोई गैस की आपूर्ति (पीएनजी) विस्तार से जुड़ा है।

वाणिज्यिक एलपीजी का यह अतिरिक्त आवंटन रेस्तरां, ढाबों, होटल, औद्योगिक कैंटीन, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, डेयरी क्षेत्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित सब्सिडी वाले सामुदायिक किचन को प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा है। इसके अलावा इस्पात, वाहन, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी अतिरिक्त आवंटन में प्राथमिकता दी गई है, खासकर उन इकाइयों को जहां प्राकृतिक गैस का विकल्प उपलब्ध नहीं है। हालांकि, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को अब भी आवंटन में प्राथमिकता मिल रही है और कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन में इनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। शर्मा ने बताया कि 14 मार्च से अब तक विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 60,000 टन वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है, जबकि 4.3 लाख छोटे (पांच किलो वाले) सिलेंडर भी बेचे गए हैं।

# डब्ल्यूटीओ बैठक में विकास के लिए निवेश सुगम बनाने के समझौते का भारत ने किया विरोधः गोयल..

नई दिल्ली, (भाषा)।
***वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल में कैमरून में संपन्न विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में, भारत ने विकास के लिए निवेश सुगम बनाने के समझौते पर चीन के नेतृत्व वाले प्रस्ताव का विरोध करने में अकेले ही कदम उठाया।***

उन्होंने कहा कि 'सही बात के लिए अकेले खड़े रहना, दिखावे के लिए भीड़ में शामिल होने से बेहतर है।'

विकास के लिए निवेश सुगम बनाने (आईएफडी) के समझौते का प्रस्ताव सबसे पहले 2017 में चीन और अन्य देशों ने रखा था। यह चीनी निवेश पर अत्यधिक निर्भर है। सरकारी संपत्ति कोष वाले देश भी इस समझौते के पक्षकार हैं।

कैमरून के याउंडे में आयोजित 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, भारत को छोड़कर, सभी देशों ने इस समझौते का समर्थन किया। यह समझौता वैश्विक मानदंड प्रदान करता है ताकि समझौते के पक्षकार देशों के निवेश और व्यापार के माहौल को बेहतर बनाने और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में निवेशकों के लिए निवेश करना, दैनिक कारोबार और अपने संचालन का विस्तार करना आसान बनाने के प्रयासों का समर्थन किया जा सके।

भारत इस विवादास्पद मुद्दे के खिलाफअकेले खड़ा रहेगा और डब्ल्यूटीओ रूपरेखा में अनुबंध चार समझौते के रूप में शामिल करने पर सहमति नहीं है।

विश्व व्यापार संगठन समझौते के अनुबंध चार में कुछ सदस्यों वाले व्यापार समझौते शामिल हैं जो अनिवार्य बहुपक्षीय समझौतों के विपरीत, केवल उन डब्ल्यूटीओ सदस्यों पर बाध्यकारी हैं जिन्होंने उन्हें स्वीकार किया है।


गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''कभी-कभी जीवन में अकेले चलना पड़ता है और इसीलिए मैंने डब्ल्यूटीओ में विकास के लिए निवेश सुविधा पर अपनी बातचीत महात्मा गांधी के दर्शन से शुरू की। उनका कहना है कि जब आप सही के लिए खड़े होते हैं, तो भीड़ में खड़े होकर अच्छा दिखने से बेहतर है अकेले खड़े रहना।''

उन्होंने कहा कि भारत के हितों और डब्ल्यूटीओ के बहुपक्षीय स्वरूप और सर्वसम्मति निर्माण के दृष्टिकोण की रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

गोयल ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि हम उन मुद्दों को डब्ल्यूटीओ समझौते में शामिल न होने दें जो डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी का हिस्सा नहीं हैं। इसलिए भारत अपने सिद्धांतों और जो सही है उस पर कायम रहा। लेकिन इसके कारण, अन्य देशों के समूह या किसी अन्य देश के साथ हमारे बहुआयामी संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है।'' मंत्री ने कहा कि उन्होंने अन्य देशों को भारत की स्थिति और रुख के बारे में विस्तार से बताया और ''कुल मिलाकर लोगों ने इसकी सराहना की है।''

गोयल ने यह भी कहा कि डब्ल्यूटीओ के लाभ को प्राप्त करने के लिए निवेश को व्यापार से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''कुछ सदस्यों वाली प्रणाली में उचित सुरक्षा उपाय लागू किए जाने चाहिए या सभी पक्षों की सहमति के बाद हमें निवेश सुविधा या प्रोत्साहन को बहुपक्षीय रूप देना चाहिए।'' कैमरून में मंत्रिस्तरीय बैठक 30 मार्च को समाप्त हुई।

गोयल ने कहा कि याउंडे पैकेज को जिनेवा में महासभा की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा, जहां 'हम डब्ल्यूटीओ सुधार घोषणा और कार्य योजना, ई-कॉमर्स पर रोक और कार्य



योजना, ट्रिप्स (बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित व्यापार पहलुओं पर समझौता) पर रोक, उल्लंघन न करने और अल्प विकसित देशों के पैकेज पर मंत्रिस्तरीय निर्णय को अंतिम रूप देंगे।''

उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि कंपनियों को अधिक निश्चितता प्रदान करने के लिए डब्ल्यूटीओ सदस्यों को इस बार ई-कॉमर्स पर रोक की अवधि को बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। गोयल ने कहा, ''इस पर अभी भी विभिन्न देशों के बीच चर्चा चल रही है और अगले एक-दो महीनों में जिनेवा में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।''

मंत्री ने कहा, ''भारत का रुख यह था कि हमें थोड़ी लंबी अवधि पर विचार करना चाहिए, ताकि कंपनियां अपनी वाणिज्यिक गतिविधियों की योजना लंबी अवधि के लिए बना सकें।''

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे और ई-कॉमर्स की परिभाषा पर डब्ल्यूटीओ की चर्चाओं की धीमी गति से निराश हैं, मंत्री ने कहा कि भारत के पास एक मजबूत स्थायी शांति उपबंध है और निराश होने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम सार्वजनिक भंडारण या ई-कॉमर्स पर रोक लगाने के अंतिम समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं...।''

# रिजर्व बैंक के कदमों से रुपया 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डॉलर पर..

मुंबई, (भाषा)।
***भारतीय रिजर्व बैंक के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी देखी गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।***

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, डॉलर के मज़बूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया। हालांकि, सत्र के अंत में यह 152 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद रिजर्व बैंक की तरफसे उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया।

रिजर्व बैंक ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है।

साथ ही, आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि यह 12 वर्षों के भीतर किसी एक कारोबारी सत्र में रुपये की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ 10 अप्रैल की समयसीमा तक बैंकों की ओर से डॉलर बिकवाली जारी रहने का अनुमान है।

चौधरी ने कहा, ''हालांकि, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है।''

विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को 'महावीर जयंती' के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ।

दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर रहा। इस बीच, लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.84 प्रतिशत चढ़कर 108.08 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

ईरान युद्ध की वजह से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से रुपये की कीमत में 28 फरवरी से चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

इस बीच, घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। बेहद उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बीएसई सेंसेक्स 185.23 अंक चढ़कर 73,319.55 अंक पर और एनएसई निफ्टी 33.70 अंक बढ़कर 22,713.10 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 9,931.13 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

'गुड फ्राइडे' के कारण शुक्रवार को शेयर और विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहेंगे।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..



मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# शादी के बाद शराब नहीं पिलाई तो पड़ोसियों ने दूल्हे-दुल्हन को पीटा, दोनों अस्पताल में भर्ती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में शादी की खुशी में शराब नहीं पिलाने को लेकर कुछ पड़ोसियों ने दूल्हा-दुल्हन सहित एक परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोन थाना क्षेत्र के पाटई गांव में मंगलवार रात हुई इस घटना में दूल्हे के परिवार के कुछ सदस्य घायल हुए है।***

परिवार के सदस्यों ने यह आरोप भी लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपी पक्ष घरेलू सामान के साथ रुपये भी लूट ले गए। नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) मनीष यादव ने पत्रकारों को बताया कि पटाई गांव के रहने वाले महेश जाटव की 30 मार्च को शादी हुई थी और इस खुशी में उनके पड़ोसियों ने शराब पिलाने को कहा, जिसे लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि दूल्हे ने शराब के रुपये देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ही पक्षों में मारपीट हो गई। यादव ने बताया कि घायलों का मेडिकल टेस्ट कराया गया और पुलिस जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### सामान और पैसे भी लूट ले गए..

महेश जाटव की मां शीला जाटव ने पत्रकारों से कहा कि दुल्हन के आने के बाद घर में रस्में चल रही थीं कि इसी दौरान कुछ पड़ोसी आ गये और महेश से शराब के लिए रुपये मांगने लगे। उन्होंने कहा कि इसी को लेकर विवाद हो गया और फिर पड़ोसियों ने उनके परिवार के सदस्यों की पिटाई कर दी। शीला ने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने के दौरान पड़ोसियों ने उनकी, उनके पति और महेश की दुल्हन को भी नहीं बख्शा।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, वे घरेलू सामान के साथ घर पर रखे कुछ रुपये भी लूट ले गए। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दूल्हा-दुल्हन अस्पताल में, परिजन थाने में..

इस घटना के बाद दूल्हा और दुल्हन घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, परिजन थाने में बैठे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। शादी की रस्में छोड़ पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। पड़ोसियों की मारपीट के चलते शादी समारोह की खुशियां खत्म हो गईं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

# सिंगापुर में बनाया जाएगा नया हिंदू मंदिर, सरकार ने दी जमीन, जानें किन देवताओं को होगा समर्पित..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सिंगापुर में हिंदू समुदाय की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक नए हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है। यह मंदिर यिशुन एवेन्यू 3 इलाके में बनाया जाएगा। इस मंदिर का नाम श्री गुरुवायूरप्पन अय्यप्पन मंदिर (SGAT) होगा।***

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसका निर्माण कार्य इस साल अगस्त या सितंबर तक शुरू होने की संभावना है। यह मंदिर सिंगापुर का 25वां हिंदू मंदिर होगा। इससे पहले साल 2006 में अरुल्मिगु वेलमुरुगन ज्ञानमुनिश्वरर मंदिर का निर्माण हुआ था, जो सिंगापुर में बना 24वां मंदिर है।

### 'दोनों देवताओं के लिए अलग से कोई मंदिर नहीं'..

नए मंदिर में केरल से पुजारी बुलाए जाने की योजना है, खासतौर पर सबरीमला मंदिर से जुड़े पुजारी यहां सेवा देंगे। यह मंदिर 2 प्रमुख देवताओं भगवान गुरुवायूरप्पन (भगवान कृष्ण का रूप) और भगवान अय्यप्पा को समर्पित होगा। अभी सिंगापुर में इन दोनों देवताओं के लिए अलग से कोई मंदिर नहीं है। यह मंदिर श्री महा मरियम्मन मंदिर और पवित्र वृक्ष बालासुब्रमणियर मंदिर के पास बनाया जाएगा। इस जमीन का आवंटन हिंदू सलाहकार बोर्ड और अन्य समुदाय के लोगों से बातचीत के बाद किया गया है।

### 'अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा की जा सकेगी'..



28 मार्च को इस योजना की जानकारी देते हुए संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दास ने कहा कि सिंगापुर के उत्तरी हिस्से में भारतीयों की संख्या ज्यादा है,

इसलिए यह मंदिर वहां के लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में मुख्य देवताओं के अलावा अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा की जा सकेगी। साथ ही यह मंदिर उन श्रद्धालुओं के लिए भी खास होगा, जो भारत के सबरीमला मंदिर की यात्रा पर जाते हैं। यह मंदिर उनकी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत का केंद्र बन सकता है, खासकर बुजुर्ग भक्तों के लिए यहां आना आसान होगा।

### 'सभी हिंदू भक्तों के लिए महत्वपूर्ण होगा यह मंदिर'

बता दें कि हर साल सबरीमाला मंदिर में 4 से 5 करोड़ श्रद्धालु जाते हैं और वहां जाने से पहले 41 दिन का कठिन व्रत और तैयारी करनी होती है। इसी तरह गुरुवायूर मंदिर भी लाखों भक्तों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है। गृह मंत्री के. शणमुगम ने कहा कि यह मंदिर लंबे समय से सिंगापुर में रहने वाले मलयाली समुदाय की इच्छा थी। उन्होंने कहा कि सिर्फ मलयाली ही नहीं, बल्कि तमिल, उत्तर भारतीय और अन्य हिंदू भी इन देवताओं के भक्त हैं, इसलिए यह मंदिर सभी के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के लोगों की संख्या 7 प्रतिशत..

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मंदिर की डिजाइन भी खास होगी। यह पारंपरिक ऊंचे गोपुरम वाले मंदिरों से अलग होगी और केरल की पारंपरिक शैली से प्रेरित होगी, जिससे प्राकृतिक हवा का बेहतर प्रवाह बना रहेगा। साथ ही इसमें 'सामंजस्य वृत्त' की अवधारणा को शामिल किया जाएगा, ताकि सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे को बेहतर समझ सकें। मंदिर परिसर में एक अलग भवन भी होगा, जिसमें मल्टी-पर्पस हॉल और कार्यक्रमों के लिए जगह होगी।

करीब 60 लाख की आबादी वाले सिंगापुर में भारतीय मूल के लोगों की संख्या लगभग 7 प्रतिशत है, जबकि चीनी मूल के लोग 75 प्रतिशत और मलय समुदाय 15 प्रतिशत हैं।

# संतों की कृपा द्वारा ही ईश्वर की प्राप्ति संभव - साध्वी पदमहस्ता भारती...







### भक्तिमति शबरी ने प्रेम, त्याग एवं जीवन के वास्तविक लक्ष्य का महान आदर्श प्रस्तुत किया..

जगप्रेरणा लांजी।

***दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय भव्य श्री रामकथा के छठे दिन साध्वी पदमहस्ता भारती जी ने 'शबरी प्रसंग' पर प्रवचन दिया। श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में चल रही इस कथा में अनेक श्रद्धालु और जिज्ञासु उपस्थित रहे।***

साध्वी पदमहस्ता भारती जी ने शबरी के जीवन की घटना का वर्णन करते हुए बताया कि विवाह के समय प्रचलित रीति के अनुसार बारातियों के लिए भोजन की व्यवस्था में अनेक बकरों और भेड़ों की बलि दी जाती थी।

इस बात को जानकर शबरी अत्यंत दुखी हुईं। उन्होंने सोचा कि क्या मेरे कारण इन मासूम पशुओं की हत्या होनी चाहिए? ईश्वर ने इन्हें भी बनाया है, तो उनकी हत्या से परमात्मा कैसे प्रसन्न होंगे? यह क्रूर प्रथा सहन न कर सकने वाली शबरी विवाह से एक रात पहले ही गृहत्याग कर जंगलों की ओर चली गईं और ईश्वर को ही अपना एकमात्र सहारा बनाया।

साध्वी जी ने बताया कि 'संतों की कृपा द्वारा ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है।' इस सत्य को जानकर शबरी संतों की सेवा में लग गईं। विदुषी साध्वी पदमहस्ता भारती जी ने कहा कि भक्तिमति शबरी ने अपने जीवन से प्रेम, त्याग और जीवन के वास्तविक लक्ष्य का महान आदर्श प्रस्तुत किया। उनके त्याग और भक्ति ने रामभक्ति का अनुपम उदाहरण दिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने कथामृत का पूर्ण आनंद लिया। सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# अवैध रेत खनन मामले 4 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

## खनिज विभाग व पुलिस की कार्यवाही..

जगप्रेरणा लांजी।

***खनिज विभाग और पुलिस द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अप्रैल की तड़के सुबह 4 बजे***



खनिज विभाग एवं बालाघाट पुलिस ने तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम नंदोरा स्थित सर्रा नदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान सर्रा नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते हुए चार ट्रैक्टरों को मौके पर ही पकड़ा गया। सभी चारों वाहनों को जब्त कर थाना लांजी परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जब्त किये गए वाहन में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 जेड ए 1898, चालक राजकुमार निवासी ग्राम घोटी, बिना नंबर का पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक मुकेश मात्रे निवासी ग्राम कड़ता, बिना नंबर का जॉन डियर ट्रैक्टर, चालक मोहनीश दौने निवासी ग्राम नंदोरा, बिना नंबर का पावरट्रैक ट्रैक्टर, चालक दुर्गेश नारनौरे निवासी ग्राम नंदोरा को जप्त किया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और सरकारी खनिज संसाधनों की सुरक्षा के लिए की गई है। खनिज विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध खनन और परिवहन में किसी भी प्रकार की सहायता न करें तथा ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत विभाग या पुलिस को दें।

# कलेक्टर शीतला पटले ने अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव की सराहना की..



जगप्रेरणा केवलारी।

***सिवनी जिले की कलेक्टर शीतला पटले के केवलारी दौरे के दौरान हाल ही में आयोजित 'अंतर विभागीय क्रिकेट महोत्सव 2026' की भी चर्चा रही। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों में टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।***

गौरतलब है कि केवलारी विकासखंड में 7 मार्च से 22 मार्च तक सांदीपनि विद्यालय मैदान में यह महोत्सव आयोजित हुआ था, जिसे जिले और प्रदेश स्तर पर सराहा गया। महोत्सव के दौरान खेल के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का सम्मान कर सद्भावना मैच खेला गया। साथ ही विश्व कप विजेता भारतीय टीम का मैच सामूहिक रूप से दिखाकर उत्सव का माहौल बनाया गया।

वन विभाग द्वारा फाइनल मुकाबले में प्रत्येक ÷डॉट बॉल÷ पर पौधरोपण जैसी अनोखी पहल भी की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। यह आयोजन केवलारी में खेल और आपसी समन्वय का एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आया। इस प्रतियोगिता में विद्युत विभाग की पावर स्ट्राइकर एमपीईबी केवलारी ने ईपीएल सीज़न 2 का खिताब जीता था। इस दौरान केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल, जनपद सीईओ प्रांजल पाठक, नायब तहसीलदार राउत सर, नीलेश तिवारी, संतोष पाठक, शक्ति शुक्ला, तुषार मसराम, अतिक खान, अखिलेश राय एवं ईपीएल समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# माना उत्थान समिति की वार्षिक बैठक संपन्न..





जगप्रेरणा लांजी।

***आदिवासी माना उत्थान समिति दुलापुर की चौथी वार्षिक बैठक एवं मिलन समारोह 31 मार्च 2026, मंगलवार को वार्ड नंबर 03, खेलचन्द नारनौरे के निज निवास के पास आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी माना समाज की कुलदेवी माँ मानिका देवी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात् समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों, मातृशक्ति एवं पितृशक्ति का पीले गमछे एवं ब्लाउज पीस भेंट कर सम्मान किया गया।

बैठक में आदिवासी माना समाज की प्रमुख विचारधाराओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने, फसल और नस्ल दोनों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई और इन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

समाज के विभिन्न वक्ताओं ने समाजहित में कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किए। बैठक में अनेक सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और जरूरी प्रस्ताव समाजहित में पास किए गए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 9 जून 2026 को भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर ग्राम दुलापुर में उनकी प्रतिमा का अनावरण तथा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष ऋषि चौके, सचिव संजय धारने, संरक्षक ऋषिकेश घोरमारे, पतिराम वाकड़े, कार्यकारिणी सदस्य टूमन घोरमारे, सालिकराम नारनौरे, सेवकराम नारनौरे, भावजी नेवारे, अतुल हनोते, रेवाजी सोरकुरे, श्यामराज गुर्दे, संतोष धारने, सूरज राणे, परशुराम धारने एवं अन्य माना समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# घरेलू कलह में पत्नी ने पति की हथौड़े से वार कर हत्या की, शव पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राजस्थान के जयपुर में घरेलू कलह के कारण एक महिला ने गुस्से में आकर हथौड़े से वार कर अपने पति की हत्या कर दी और उसके बाद नाबालिग बेटे की मदद से शव को कचरे में फेंक कर पहचान छिपाने के लिए पेट्रोल डालकर आग लगा दी।***



पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि मृतक की पहचान 34 वर्षीय शेख हसन के रूप में हुई है और वह रिद्धि-सिद्धि नगर, खोरा बीसल गांव का निवासी था। उन्होंने बताया कि शेख हसन पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला था और वह जयपुर में परिवार के साथ रहकर कचरा बीनने का काम करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मृतक की पहचान के बाद पुलिस टीम उसके घर पहुंची और पत्नी से पूछताछ की तो वह घबरा गई, जिसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। प्रशांत किरण ने बताया कि आरोपी पत्नी ने खुलासा किया कि उसका पति रोजाना शराब के नशे में घर आकर उससे मारपीट करता था। आरोपी पत्नी ने बताया कि बुधवार रात भी विवाद हुआ, जिसमें गुस्से में आकर उसने हथौड़े से वार कर दिया और उसके पति की वहीं मौत हो गई। महिला ने बताया कि इसके बाद उसने अपने बेटे के साथ मिलकर शव को कचरा गाड़ी में डालकर निवारू रोड स्थित एक खाली भूखंड में फेंक दिया और पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि महिला से पूछताछ की जा रही है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..



प्रो. पियुष सिंह बैस

फैशन फैक्ट्री

For Boys & Girls

वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..

मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

9284744867
9112026507
7006748047
मराठा स्पोर्ट्स
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुल मरारटोली, गोंदिया







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353


### श्रीराम जन्मोत्सव का विराट आयोजन..

## शोभायात्रा मे सभी समाज के महिला समिति व महिला मंडलों की धूम..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति और सकल समाज, आमगांव द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली। गौरतलब है कि प्रतिवर्षाअनुसार इस वर्ष भी भव्य धुमधाम से की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गई।***

जिसमें शहर के सभी समाज के महिला समिति, महिला मंडलों की धूम रही।भगवान श्री राम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आमगांव में निकली भव्य शोभायात्रा में भगवा टोपी पहनकर जहां जय जय श्रीराम के नारे लगाए।

इसी प्रकार बड़ी संख्या में भगवा साफे पहनकर जहां महिलाएं और युवतियां शोभायात्रा में शामिल हुई, रामभक्ति में झुमते जनसैलाब के बीच ही महारानी लक्ष्मीबाई की तरह हाथ में तलवार लिये महिलाओं के समूह ने शोभायात्रा में शौर्य नृत्य की प्रस्तुती भी दी, जिसे देखकर महिला सशक्तिकरण का महिलाओं ने अहसास भी करा दिया गया

शोभायात्रा ने आमगाव तहसील वासियो का मन मोह लिया सकल समाज द्वारा निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा मे सभी समाज व मंडलों की सुदंर झांकियां ने सभी राम भक्तो का मन मोह लिया जिसमे पवार समाज महिला समिति द्वारा राम दरबार अग्रवाल समाज महिला समिति द्वारा मत्स्य अवतार, शक्ति ग्रुप एवं ब्राम्हण समाज महिला समिति की संयुक्त झांकी, वामन अवतार,असाटी समाज महिला समिति, द्वारा श्री परशुरामजी अवतार, तेली समाज महिला समिति द्वारा रामलला अवतार, सुरभि गौशाला महिला समिति द्वारा श्रीकृष्ण अवतार, गुप्ता समाज महिला समिति द्वारा राजा रामचंद्र झांकी, श्री प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विद्यालय द्वारा रामेश्वरम झांकी, कलार समाज महिला समिति रिसामा/आमगांव द्वारा विठ्ठल-रुखमाई वारि पंढरपुर झांकी स्थापित किया गया।

आमगांव मे इस ऐतिहासिक रैली पुरे 2 किमी लंबाई रही आमगाव की इस रैली ने फिर एक बार पूरे विदर्भ मे इतिहास रचा और एतिहासिक चर्चा रही।

## जीवन में ईश्वर का चिंतन न होने से होता है मृत्यु का भय





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्री आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय श्री रामकथा के पांचवें दिन 'दो वरदान' एवं***

'वन गमन' प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। साध्वी पदमहस्ता भारती जी ने श्रीरामचरित मानस के अयोध्याकांड का वर्णन करते हुए बताया कि महाराज दशरथ द्वारा रानी कैकेयी को दिए गए दो वरदान ही राम वनवास का कारण बने. राम के राज्याभिषेक की तैयारियों के बीच मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी ने राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य मांग लिया. उन्होंने कहा कि बुरी संगति मनुष्य की बुद्धि को विचलित कर आमगांव में श्रीराम कथा सुनाते हुए साध्वी पद्महस्ता भारती जी तथा उपस्थित श्रद्धालु देती है, जबकि संतों की संगति जीवन को सही दिशा देती है।

साध्वी जी ने राजा दशरथ के श्वेत केशों के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि मृत्यु का संकेत मिलने पर भी मनुष्य ईश्वर का चिंतन नहीं करता, यही कारण है कि वह भयभीत रहता है. उन्होंने केवट प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि केवट ने अपनी दिव्य दृष्टि से प्रभु श्रीराम को पहचान लिया और प्रेमभाव से उनकी सेवा की. उन्होंने यह भी कहा कि भगवान को धन, बल या विद्वता से नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम से पाया जा सकता है. कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, केशव मानकर, भरतसिंह दुधनाग, नवीन जैन व शिवेंद्र पवार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बकरी जिसके घर मे गई उसी से की बकरी मालिक ने मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/4/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान डोंगरगाव मे फर्यादी संजय शालिकराम बिसेन के घर मे आरोपी क्रमांक 1 की बकरी आयी, बकरी मालीक ने आकर बकरी नही ले गया उलटा फर्यादी से मारपीट की फर्यादी ने कहा तेरी बकरी मेरे घर आयी उसको ले जा मेरे से क्यो मारपीट कर रहा है। तो तिनो आरोपीयो ने आकर गालीगलोच की और बेटा बेटी पत्नी बिच बचाव करने आये तो आरोपी ने उन्हें भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 228/2026 धारा 118,1,352,351,3,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा पंधरे 1357 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

### गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### पुराने विवाद पर सलाख से मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/3/2026 के रात 11 बजे के दरम्यान हेटीटोला मे फर्यादी अशोक लालचंद चिखलोंडे उम्र 42 वर्ष निवासी लोधीटोला अपने दोस्त के साथ रिसेप्शन मे गये थे। जहा आरोपीयोने पुराने विवाद पर गालीगलौच की और लोहे कि सलाख से सरपर मारकर जख्मी किया, और आगे देख लेने की धमकी देने से तिनो आरोपीयो के खिलाफ पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 170/ 2026 धारा 118,1, 352, 351, 2, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत तिनो आरोपीयो के खिलाफ अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा भुपेश कटरे 207 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### भारत फायनानशियल इनफूजन के संगम मैनेजर ने किया गबन मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/7/2024 से दिनांक 16/1/2025 के दरम्यान फर्यादी मुकेश प्रमाणंद रहांगडाले उम्र 30 वर्ष निवासी माली यह भारत फायनान्शियल इन्फूजन लिमिटेड कंपनी मे व्यवस्थापक होकर आरोपी इसी शाखा मे संगम मैनेजर पद पर रहते हुवे घटना के दरम्यान 14 लोगो से 1,94,943 रुपये लिये और वो पैसे बँक मे नही जमा किये, 14 ग्राहको से पैसे लेकर उनके साथ धोखाधडी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 224/2026 धारा 316,5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी डाबेराव पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### बडटोला से दिन दहाड़े मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मोटरसायकल चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 31/3/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान बडटोला मे फर्यादी पवनकुमार मन्नुराम निशाद उम्र 29 वर्ष निवासी दाऊटोला अपने चाचा ससुर के साथ अपनी होंडा क्रमांक सीजी 08 ए बी 0848 से 31 तारीख को सुबह 11 बजे शादी मे गये थे।

जहा अपनी मोटरसायकल खड़ी की थी। दोपहर 3 बजे जब वापस जाने के लिये निकले तो मोटरसायकल वहा नही थी। घटना के दरम्यान किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 160/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गणेश सौंजाल 1077 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

## हर्षल मानकर युवा सेना उप-जिला प्रमुख नियुक्त..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***शिवसेना युवा सेना गोंदिया जिला द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में युवा सेना उप-जिला प्रमुख पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।***

कार्यक्रम माननीय अर्जुनसिंह बैस (जिला प्रमुख, युवा सेना) की अध्यक्षता में हुआ। नियुक्ति पत्र माननीय सहषराम जी कोरोटे (पूर्व विधायक और महाराष्ट्र राज्य आदिवासी विभाग राज्य अध्यक्ष, शिवसेना) की उपस्थिति में भी प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षल विश्वनाथ मानकर को गोंदिया जिले में युवा सेना उप-जिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। पत्र में कहा गया है कि शिवसेना प्रमुख के विचारों को आगे बढ़ाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर गणमान्यों ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे आने वाले दिनों में और अधिक जोश के साथ संगठनात्मक कार्य करने की अपील की। माइकल मेश्राम (तालुका प्रमुख, युवा सेना सालेकसा), माननीय दीपक ठाकरे (तालुका प्रमुख, युवा सेना) और विक्की भाऊ मानकर (सामाजिक कार्यकर्ता, आमगांव) मौजूद थे।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433


## साकेत पब्लिक स्कूल में हनुमान जयंती का आयोजन




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***साकेत पब्लिक स्कूल, गोंदिया में हनुमान जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यार्थियों ने हनुमान जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भगवान हनुमान के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 9 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक (ड्रामा) था।

इस नाटक में भगवान हनुमान के जीवन और उनकी भक्ति को दर्शाया गया, जिसे सभी ने सराहा। विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि हमें अपने जीवन में शक्ति, सत्य और भक्ति के गुण अपनाने चाहिए ।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145



जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


# संपूर्ण गोंदिया जिले में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..

### सिविल लाईन हनुमान मंदिर में उमड़ा हजारों का जनसैलाब..

### रेल टोली संकट मोचन हनुमान मंदिर द्वारा निकाली गई शोभायात्रा..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा। सनातन धर्म में धरती पर अपने भक्तों के सारे कष्ट हरने के लिये भगवान हनुमान जी की महिमा ही निराली है, यही कारण है कि धरती पर आज के दौर में सर्वाधिक पूज्य देवता के रुप में पवनपुत्र हनुमान जी की पूजा और आराधना की जाती है। हनुमान जन्मोत्सव पर भारी भीड़ मंदिरों में नजर आती है, और ऐसा***

ही एक बार फिर आज 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर गोंदिया शहर में भी दिखाई दिया। गोंदिया शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से और पुरे भक्तिभाव तथा विधि विधान से मनाया गया।



## सिविल लाईन हनुमान मंदिर में पहुंचे हजारों भक्त..

गौरतलब है कि हर वर्ष गोंदिया शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर सिविल लाइन हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसा ही एक बार फिर आज 2 अप्रैल को नजर आया, जब सुबह 5 बजे से हनुमान जी के दुग्धाभिषेक से पहले ही स्नान आदि करके पूजन के लिये भक्त हनुमान मंदिर के बाहर तक कतारबद्ध हो चुके थे, तथा बारी बारी से अपना नंबर आने पर भक्तों ने पंडित सुरेन्द्र नाथ शर्मा जी के मार्गदर्शन में हनुमान जी का दुग्धाभिषेक किया। इसके परांत सुबह 8.00 बजे महाआरती में सैकड़ों लोगों ने हनुमान जी की आरती तो वहीं सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाप्रसाद के आयोजन में भी हजारों की संख्या में भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ा। सबसे बड़ी बात यह रही कि हजारों की संख्या में भक्तों के पहुंचने पर सिविल लाईन हनुमान मंदिर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई, क्योंकि हनुमान मंदिर सिविल लाईन के अध्यक्ष सुधीर बजाज के नेतृत्व में दीपक कदम, भावना कदम, सचिन (बंटी) मिश्रा, राजेश कनौजिया, उमेश अग्रवाल, राहुल आरडी अग्रवाल संहित हनुमान मंदिर के सैकड़ों सदस्यों के साथ ही एवं विश्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता भी देवेश मिश्रा, अंकित कुलकर्णी, हरीश अग्रवाल संहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति में मंदिर में सभी कार्यों में जुटकर सेवाएं देते नजर आए।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर रेल टोली द्वारा धुमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..



गौरतलब है कि गोंदिया शहर के दूसरे भाग में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर रेलटोली में भी हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत संकट मोचन हनुमान मंदिर में 01 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे श्री संकट मोचन मंडल एवं श्याम गुणगान परिवार द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति भजन संध्या कार्यक्रम में दी गई। इसी प्रकार 02 अप्रैल 2026 गुरुवार को प्रातः 4:30 बजे से कीर्तन का आयोजन एवं शुभम तिवारी द्वारा हनुमान जन्म कथा का वाचन किया गया, वहीं प्रातः 6:02 बजे निश्चित समय एवं मुहुर्त के अनुसार भगवान हनुमान जी के जन्म के पश्चात विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण करते हुए सुबह 6:15 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो कि रेल टोली के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस पाल चौक होते हुए मंदिर पहुंची, जिसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके अलावा सुबह 10:00 बजे से 108 हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया, वहीं शाम 6:00 बजे श्री हनुमान जी को प्रसाद महाभोग लगाते हुए रात्रि 9:30 बजे हनुमान चालीसा पाठ का समापन किया गया।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर मे महाप्रसाद आज..

**तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज 3 अप्रैल को दोपहर संकट मोचन हनुमान मंदिर में 12:00 बजे हवन पूजन एवं गणेश नगर एवं संकट मोचन महिला मंडल द्वारा शाम 4:00 बजे भजन कार्यक्रम प्रस्तुती दी जायेगी। मंदिर समिति की ओर से सुमित गुप्ता ने बताया कि आज 3 अप्रैल को ही शाम 6:30 बजे से भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।**

# विधायक विनोद अग्रवाल अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराएं..

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋषिकांत साहू ने सौपा विधायक विनोद अग्रवाल को ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के रेलटोली में नाट्य संकुल का निर्माण शुरु किया गया था, लेकिन वह अनेक वर्षों से रुका पड़ा है, तथा जर्जर अवस्था का शिकार होने लगा है, जबकि वहीं अधूरे निर्माण कार्य के कारण यहां पर***

अवांछित तत्व आकर इसे अपना ऐशगाह बनाने लगे हैं। गांजा, शराब पीने वाले यहां पर आकर इसे नशे का अड्डा बनाने लगे हैं, तथा नगर परिषद की करोड़ों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इस स्थिति में रेल टोली क्षेत्र के पूर्व पार्षद एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋषीकांत साहू ने आज विधायक विनोद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर इस नाट्य संकुल (ऑडिटोरियम) को सुव्यवस्थित करने एवं इसके अधूरे निर्माण की पूर्ण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ऋषीकांत साहू ने भाजपा जिला महामंत्री सुनील केलनका, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नगर सेवक जितेंद्र पंचबुद्धे के नेतृत्व में विधायक विनोद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर शासन से आवश्यक निधि स्वीकृत कराने एवं कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपकर मांग की। ऋषीकांत साहू ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आशा है इस विषय पर त्वरित सकारात्मक कार्रवाई होगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें

# नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व में 'एकीकृत नियंत्रण' व्यवस्था लागू..

### अब एक ही छत के नीचे होगा प्रबंधन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र के प्रमुख व्याघ्र प्रकल्पों में से एक, नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व के बेहतर प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आज, 1 अप्रैल 2026 से***

'एकीकृत नियंत्रण' (यूनाफाईड कन्ट्रोल) प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस नई व्यवस्था के तहत अब नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व का संपूर्ण क्षेत्र एक ही प्रबंधन के अधीन कार्य करेगा। पूर्व में यह क्षेत्र अलग-अलग विभागों और क्षेत्रीय सीमाओं में बंटा हुआ था, जिससे प्रशासनिक कार्यों में जटिलताएं आती थीं। अब गोंदिया और भंडारा जिले के अंतर्गत आने वाले इसके विभिन्न प्रभागों को जोड़कर इसे एक सूत्र में पिरो दिया गया है।

### प्रशासनिक मुख्यालय का उद्घाटन..

इस परिवर्तन के साथ ही संबंधित अधिकारियों के मुख्यालयों का भी पुनर्गठन किया गया है। नए निर्देशों के अनुसार, उप-संचालक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आज अपने नव-निर्धारित मुख्यालयों में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी तस्वीरें भी साझा की गई हैं।

### क्या होगा लाभ?

बेहतर वन्यजीव संरक्षण के लिये एकीकृत कमान होने से शिकार विरोधी अभियान और वन्यजीवों की निगरानी में अधिक तेजी आएगी। पर्यटकों के लिए सुविधाओं और बुकिंग प्रक्रियाओं में एकरूपता आएगी। अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय की बाधाएं दूर होंगी, जिससे वनों और वन्यजीवों से जुड़े फैसलों में देरी नहीं होगी। सीमावर्ती गांवों में होने वाले संघर्षों को रोकने के लिए अब एक ही टीम प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक (फील्ड डायरेक्टर) ने विश्वास जताया कि यह कदम नवेगांव-नागझिरा को देश के बेहतरीन टाइगर रिजर्व की श्रेणी में लाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।


SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182 - 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.


# श्री किराना तेल व्यापारी संघ ने गोंदिया रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्म काल हेतु किया निःशुल्क शीतल जल सेवा मटका कोला प्याऊ का शुभारंभ..

### फूड इंस्पेक्टर चैतन्य नानोटे एवं ओमकार लांजेवार के हस्ते किया जलसेवा का शुभारंभ..






जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया रेल्वे स्टेशन पर श्री किराना तेल व्यापारी संघ द्वारा संचालित निःशुल्क शीतल जल सेवा मटका कोला प्याऊ पर अन्न औषधि प्रशासन विभाग के इंस्पेक्टर चैतन्य नानोटे एवँ ओमकार लांजेवार ने भेंट दी।

इस अवसर पर मटका कोला शीतल जल सेवा के अध्यक्ष सुशील संतानी, श्री किराना तेल व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश रोचवानी, सचिव शंकर खोड़ेचा, गोंदिया चिल्लर किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष माधव दास खटवानी, द्वारा उनका पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। संस्था के संरक्षक लखमीचंद के. रोचवानी ने मटका कोला के स्थापना के बारे में जानकारी प्रदान की जो 59 वर्ष पूर्व संस्था के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मानव सेवा भावना के उद्देश्य से संचालित की गई थी जो संस्था उनके आशीर्वाद से यह सेवा लगातार आज तक जारी रखे हुए है एवं भविष्य में भी जारी रहेगी। फूड इंस्पेक्टर चैतन्य नानोटे एवं ओमकार लांजेवार द्वारा भी शीतल जल सेवा वितरण करने की इच्छा व्यक्त की। उस समय ट्रेन नंबर 19021 अमृत भारत ट्रेन का आगमन हुआ।

उन्होंने संस्था के सदस्य एवं सेवादारीयो के साथ मिलकर शीतल जल वितरण सेवा कार्य किया एवं खुशी जाहिर कर इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर महेश देवानी, संजय खण्डेलवाल, आनंद राम खटवानी, राजु आसवानी, हर्ष ठकरानी , कृष जयसिंघानी, श्यामलाल संगतानी, राजू आलवानी, जेठानंद मटानी, अमर चावला, शंकर टेवानी, यश नानवानी, रवि भवनानी, हरीश भाई राठौर, रोशन नानवानी, सुरेश पुरुस्वानी, ताराचंद चावला उपस्थिति रहे सभी सेवादार भाइयों ने शीतल जल का वितरण कर सेवा कार्य किया।


TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ (IUI) आय.यू.आय. ■ सोनोग्राफी
■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ हार्मोस की जांच
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com